दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since - 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 256 | जयपुर | रविवार, 21 जुलाई, 2024 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## मुंबई का नाम अडाणी सिटी नहीं होने देंगे : उद्धव

### धारावी के नाम पर अडाणी का विकास चल रहा, सत्ता में आते ही प्रोजेक्ट रद्द करेंगे



बढ़ता राजस्थान

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने धारावी विकास परियोजना को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठाकरे का कहना है कि धारावी के विकास के लिए जानबूझकर बिजनेसमैन गौतम अडाणी को टेंडर दिया गया है। धारावी का विकास होना चाहिए, अडाणी का नहीं।

ठाकरे ने कहा कि धारावी के लोगों को 500 वर्ग फुट का घर मिलना ही चाहिए। हर घर में एक माइक्रो व्यापार चलता है। इसके लिए भी उपाय होना चाहिए। ये (भाजपा) मुंबई का नाम अडाणी सिटी भी कर देंगे। इनकी कोशिश चल रही है, उसे हम होने नहीं देंगे।

ठाकरे ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी महाराष्ट्र की सत्ता में आती है तो अडाणी को दिया गया प्रोजेक्ट रद्द कर दिया जाएगा।

### प्रेस कान्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे के बड़े बयान...

ठाकरे ने कहा कि धारावी के लोगों को पात्र और अपात्र के चक्रव्यू में फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारी सरकार सत्ता में आएगी तो हम धारावी के लोगों को दूसरी जगह नहीं बसाएंगे। धारावी में ही कारोबार की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि धारावी का विकास होना चाहिए, अडाणी का नहीं। अगर अडाणी धारावी के लोगों की डिमांड पूरी नहीं कर सकते तो दोबारा टेंडर कराया जाए। ग्लोबल टेंडर निकलना चाहिए और पारदर्शिता का पालन होना चाहिए। सरकार को जवाब देना

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा ऐक्शन, 'मास्टरमाइंड' को दबोचा, 2 सॉल्वर भी अरेस्ट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सीबीआई ने पटना NEET-UG पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें एक मास्टरमाइंड आरोपियों में शामिल है। बाकी दो भरतपुर मेडिकल कॉलेज के दो छात्र बताए जाते हैं। इन मेडिकल छात्रों की पहचान कुमार मंगलम बिश्नोई और दीपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। आरोप है कि ये सॉल्वर की भूमिका निभा रहे थे। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, टेक्निकल सर्विलॉन्स में परीक्षा के दिन आरोपियों के हजारीबाग में मौजूद होने की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार तीसरा शख्स शशि कुमार पासवान कथित तौर पर मास्टरमाइंड आरोपियों में से एक है।

### अब तक 21 गिरफ्तार

सूत्रों का कहना है कि शशि कुमार पासवान सरगना को हर तरह की मदद मुहैया करा रहा था। पीटीआई के अनुसार, कथित मास्टरमाइंड में शुमार शशि पासवान बी. टेक ग्रेजुएट है जिसे सीबीआई ने एनआईटी-जमशेदपुर से गिरफ्तार किया। मास्टरमाइंड के साथ दो एमबीबीएस छात्रों को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों ने कथित तौर पर 'सॉल्वर' की भूमिका निभाई थी। इस गिरफ्तारी के साथ, कथित पेपर लीक से जुड़ी अनियमितताओं से संबंधित छह मामलों में सीबीआई की ओर से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की संख्या 21 हो गई है।

### मेडिकल छात्रों पर 'सॉल्वर' होने का आरोप

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए दो एमबीबीएस छात्र राजस्थान के भरतपुर के एक मेडिकल कॉलेज से हैं। अधिकारियों ने बताया कि एमबीबीएस के दूसरे इयर के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और पहले साल के छात्र दीपेंद्र शर्मा 5 मई को हजारीबाग में मौजूद थे। इसी दिन नीट यूजी की परीक्षा हुई थी। ये दोनों कथित तौर पर पंकज कुमार नाम के एक इंजीनियर की ओर से चुराए गए पेपर के लिए 'सॉल्वर' की भूमिका निभा रहे थे।

### सरगना के साथ काम कर रहा था आरोपी शशि

बता दें कि पंकज कुमार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि शशिकांत पासवान उर्फ शशि उर्फ पासु नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर से बीटेक (इलेक्ट्रिकल) पासआउट है। शशिकांत पासवान कथित तौर पर पंकज कुमार और रॉकी के साथ मिलकर काम कर रहा था। रॉकी को भी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी जमशेदपुर (झारखंड) के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य ने हजारीबाग में एनटीए ट्रंक से कथित तौर पर ह्ृश्वश्वञ्ज-त्न का पेपर चुराया था।




### रांची रिम्स की छात्रा से भी पूछताछ

सीबीआई ने शुक्रवार को रांची के राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) की एमबीबीएस प्रथम वर्ष की छात्रा सुरभि कुमारी को 'सॉल्वर मॉड्यूल' का हिस्सा होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने दो दिनों की विस्तृत पूछताछ के बाद सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया था। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, सीबीआई की टीम ने बुधवार को अस्पताल प्रबंधन से संपर्क किया और कहा कि छात्रा सुरभि कुमारी से नीट पेपर लीक के सिलसिले में पूछताछ करना चाहते हैं। प्रबंधन ने सीबीआई की टीम को पूरा सहयोग दिया। यह पूछताछ गुरुवार को भी जारी रही।

## हरियाणा में केजरीवाल की पत्नी ने 5 गारंटी दी

## फ्री बिजली, हर महिला को 1 हजार रुपए

बढ़ता राजस्थान

**पंचकूल।** आम आदमी पार्टी हरियाणा में पहली बार सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इसकी शुरुआत पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने शनिवार (20 जुलाई) को हरियाणा के लिए 5 गारंटियों का ऐलान कर की। इसमें फ्री बिजली, महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए, फ्री इलाज, मुफ्त शिक्षा और हर युवा बेरोजगार को रोजगार देना शामिल है। हालांकि आप ने पंजाब में भी महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने का ऐलान किया था, लेकिन अभी तक ये वादा पूरा नहीं हो पाया है।

सुनीता केजरीवाल ने पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में ये गारंटियां लॉन्च की। उनके साथ पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, राज्य सभा सांसद संजय सिंह और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संदीप पाठक भी मौजूद रहे।

### पहली बार सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी

**बकाया बिजली बिल माफ करेंगे:** 24 घंटे घरेलू बिजली फ्री मिलेगी। दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में पुराने घरेलू सारे बकाया बिजली बिल माफ किए जाएंगे। पावर कट बंद होंगे। दिल्ली और पंजाब की तरह 24 घंटे बिजली का इंतजाम किया जाएगा।

**मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे:** दूसरी गारंटी- सबको अच्छा और फ्री इलाज है। दिल्ली और पंजाब की तरह हर गांव और शहरों के हर मोहल्ले में मोहल्ला क्लिनिक बनाएंगे। सभी सरकारी अस्पतालों का कायाकल्प किया जाएगा और नए सरकारी अस्पताल बनाए जाएंगे। हर हरियाणवी का पूरा इलाज मुफ्त होगा, चाहे बीमारी छोटी हो या बड़ी। सभी टेस्ट, दवाइयां, ऑपरेशन और इलाज सब फ्री होगा।

**शिक्षा माफिया को खत्म करेंगे:** आप प्रदेश में अच्छी, बेहतरीन और फ्री शिक्षा देगी। दिल्ली और पंजाब की तरह शिक्षा माफिया का खात्मा करेंगे। सरकारी स्कूलों को इतना अच्छा बनाएंगे कि आप अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल से निकालकर सरकारी स्कूलों में भर्ती करवाओगे। प्राइवेट स्कूलों की गुंडागर्दी भी बंद करेंगे। प्राइवेट स्कूलों को नाजायज फीस बढ़ाने से रोका जाएगा।



**माताओं-बहनों को हर महीने 1000 रुपए:** इसके साथ चौथी गारंटी यह है कि हरियाणा में सभी माताओं-बहनों को हर महीने 1000 रुपए दिए जाएंगे।

**हर युवा को रोजगार देंगे:** पांचवी गारंटी है कि हर युवा को रोजगार देंगे। पंजाब में मात्र 2 साल में 45 हजार सरकारी नौकरियां और 3 लाख से ज्यादा लोगों को प्राइवेट रोजगार, दिल्ली में 2.5 लाख सरकारी नौकरियां और 12 लाख से ज्यादा लोगों के प्राइवेट रोजगार का इंतजाम किया।

## जयपुर एयरपोर्ट से 25 लाख के गहने चोरी

### पुणे की फ्लाइट पकड़ने आया था ज्वेलर, बैग चेक करने पर मिले गायब

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर एयरपोर्ट से 25 लाख के गहने चोरी होने का मामला सामने आया है। पुणे की फ्लाइट पकड़ने के लिए ज्वेलर जयपुर एयरपोर्ट पर आया था। चैकिंग के बाद बैग संभालने पर गहने गायब मिले। एयरपोर्ट थाने में ज्वेलर ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एएसआई रामलाल ने बताया- पुणे महाराष्ट्र निवासी पुष्कर दिनकर (41) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह ज्वेलरी खरीदने-बेचने का बिजनेस करते हैं। पुणे से ज्वेलरी सौदे के लिए जयपुर आए थे। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे वह पुणे वापस जाने के लिए फ्लाइट पकड़ने जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट टी-2 पोर्च में सामान की चैकिंग के बाद उन्हें संभला दिया।

25 लाख के गहने गायब मिले-अपने सामान को संभालने के बाद ज्वेलर पुष्कर दिनकर से बैग चेक किया। बैग में रखे 25 लाख रुपए के गहने गायब मिले। एयरपोर्ट थाने जाकर पीड़ित ज्वेलर ने शिकायत दी। आरोप लगाया कि एयरपोर्ट पर चैकिंग के दौरान उसके बैग से गहने चोरी किए गए है। पुलिस ने शिकायत पर गहने चोरी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच के साथ एयरपोर्ट पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## जयपुर में डीआरडीओ के अधिकारी पर जानलेवा हमला

### सड़क पर रोककर गाली गलौज की, फिर सिर पर किए वार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में युवकों ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के अधिकारी पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी ने अधिकारी के सिर पर कड़े से वार किए। इससे गंभीर चोट आई है। वहीं, घटना के बाद युवक मौके से भाग निकले। इसके बाद पीड़ित की शिकायत पर नाहरगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज की गई। डीआरडीओ के अधिकारी विजेंद्र मीणा ने बताया- 18 जुलाई को रात 11 बजे अपने चचेरे भाई को दिल्ली जाने के लिए ऑटो स्टैंड पर छोड़ने गया था। इसी दौरान घर के नजदीक नाहरगढ पैलेस होटल के सामने बाबा कैफे के बाहर दीवार पर एक व्यक्ति बैठकर सिगरेट पी रहा था। उसने रास्ते में जाते समय रोककर गाली गलौज की। इस पर पीड़ित ने ध्यान नहीं दिया। वो आगे निकल गया। जब पीड़ित वापस लौटा तो उस युवक ने रोका। मुंह पर सिगरेट का धुआं छोड़ने के साथ ही गाली निकाली। इस पर पीड़ित ने मना किया। आरोपी ने बाबा कैफे के अंदर बैठे अपने अन्य साथियों को बुला कर हमला कर दिया। आरोपी ने हाथ में मोटा कड़ा पहन रखा था। उसी कड़े से पीड़ित के सिर पर वार किए। इससे गंभीर चोट आई। घटना के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंचे। इस पर बदमाश मौके से भाग छूटे। परिवार ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## यूपीएससी चेयरमैन मनोज सोनी ने इस्तीफा दिया

### पिछले साल अध्यक्ष बने थे, 5 साल का कार्यकाल बाकी था, बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा है कि इस्तीफे के बाद सामाजिक और धार्मिक कामों पर ध्यान देंगे। उन्होंने 14 दिन पहले अपना इस्तीफा कार्मिक विभाग को भेजा था, इसकी जानकारी आज (20 जुलाई को) सामने आई है। अभी इस्तीफा



स्वीकार नहीं हुआ है। उनका कार्यकाल मई 2029 तक था। उन्होंने 16 मई 2023 को यूपीएससी के अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी।

राज्यसभा सांसद ने कहा- विवादों के बीच पद से हटाया गया- इस्तीफे की जानकारी आने के बाद मनोज सोनी ने कहा है कि उनका इस्तीफा ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर के विवादों और आरोपों से किसी भी तरह से जुड़ा नहीं है। वहीं, कांग्रेस लीडर और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने चेयरमैन के इस्तीफे पर कहा है कि उन्हें यूपीएससी से जुड़े विवादों के बीच पद से हटाया गया है।




## जयपुर में घर में घुसकर बिजनेसमैन की पत्नी की हत्या

### सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को कुछ बदमाशों की जानकारी मिली, एफएसएल टीम मौके पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में बदमाशों ने घर में घुसकर बिजनेसमैन की पत्नी की हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को सवाई मानसिंह अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। मामला खोह नागोरियान थाना इलाके का है। डीसीपी ईस्ट कावेन्द्र सागर ने बताया- गोनेर रोड राधा कृष्ण मंदिर के सामने गौरव वाटिका में रहने वाले सतीश चंद्र शर्मा की पत्नी मंजू शर्मा की हत्या की गई है। शनिवार दोपहर करीब 1.30 बजे कुछ बदमाश घर में घुसे उनकी हत्या कर दी। सतीश चंद्र शर्मा प्रॉपर्टी डीलर और स्टाम्प विक्रेता हैं। मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए जा रहे हैं।



### सीसीटीवी फुटेज से कुछ बदमाशों की जानकारी मिली

पुलिस को आसपास लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से कुछ बदमाशों की जानकारी मिली है। इस पर पुलिस टीम काम कर रही है। कॉलोनी के लोगों ने बताया- दोपहर 12 बजे मंजू शर्मा को घर के अंदर ही देखा गया था। इस दौरान कौन घर में घुसा, इसकी कोई जानकारी नहीं है। पुलिस टीमें लोगों से अलग-अलग पूछताछ कर रही हैं।

### घर में किराए से रहने वाले युवक को किया डिटेन

खोह नागोरियान थाना पुलिस ने बताया- मंजू शर्मा के घर में किराए से रहने वाले एक युवक को डिटेन किया है। पुलिस ने आसपास लगे हुए सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

### दोपहर 12 बजे मंदिर से घर जाते समय हुई थी बातचीत

पड़ोसियों ने पुलिस को बताया- मंजू शर्मा को दोपहर 12 बजे के आसपास देखा था। वह मंदिर से घर जा रहीं थीं। उस दौरान सामान्य बात हुई थी। इसके बाद किसी ने उनको नहीं देखा। एक से डेढ़ बजे के बीच में उनके छोटे बेटे मौसम शर्मा की चीख पुकार सुनाई दी। कॉलोनी के लोगों ने उससे पूछा क्या हुआ तो बोला- किसी ने मां को मार दिया है। कॉलोनी के लोग घर में गए तो मंजू शर्मा कमरे में खून से सनी हुई फर्श पर पड़ी थीं। इसके बाद मौसम ने अपने पिता सतीश शर्मा, चाचा एडवोकेट खेमचंद शर्मा और बड़े भाई कल्पेश शर्मा को फोन कर घटना की जानकारी दी थी। सतीश शर्मा अपनी दुकान हैपी बुक डिपो पर थे।

### घटना के समय घर पर अकेली थी भाभी


मृतका के देवर एडवोकेट खेमचंद शर्मा ने बताया- उनकी भाभी मंजू शर्मा (45) घटना के दौरान घर पर अकेली थी। डेढ़ बजे के लगभग छोटा बेटा मौसम शर्मा घर पहुंचा। उसने मां की हालत देखकर पिता सतीश (48) को फोन कर मां के बारे में बताया।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# चांदीपुरा वायरस के प्रकोप से हम कितने सावधान : डॉ. लियाकत अली मंसूरी

- चांदीपुरा वायरस ने गुजरात में ली 8 बच्चों और 6 बड़ो की जान
- गुजरात में 8500 घरों की स्क्रीनिंग से 12 जिलों में मिले 27 संदिग्ध मामले





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** चांदीपुरा वायरस गुजरात में और गुजरात के आसपास के महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और राजस्थान में अपने पैर पसारने लगा है । राजस्थान के पड़ोसी ज़िले उदयपुर के खेड़वाड़ा ब्लॉक के दो गांवों में इस वायरस के लक्षण मिले हैं । वहां का चिकित्सा विभाग अलर्ट हो चुका हैं।

**चांदीपुरा वायरस क्या है :** यह एक आरएनए वायरस जो सबसे ज्यादा मादा फ्लेबोटोमाइन मक्खी से फैलता है। इसके फैलने के पीछे मच्छर में पाए जाने वाले एडीज मच्छर जिम्मेदार हैं । यह वायरस रोगजनक रैबडोविरिडे परिवार के वैसीकुलो वायरस जीनस का सदस्य है । यह वायरस मच्छरों , टिक्स और सैंडफ्लाइज जैसे वाहक द्वारा फैलता है । यह वायरस खुद के प्रजनन के लिए इन्सानी शरीर की कोशिकाओं और दिमाग़ की कोशिकाओं का उपयोग करता है ।

**लक्षण :** यह एक दुर्लभ और खतरनाक पैथोजन हैं जिससे सबसे ज्यादा बच्चें, मोटे लोग और गर्भवती महिलाएं संक्रमित होती हैं। इसके संक्रमण से पहले बुखार , बदन दर्द और फ्लू जैसे लक्षण आने लगते हैं बाद में दस्त, उल्टी होने लगती हैं अन्त में फेफड़ों से दिमाग़ की कोशकाओं पर हमला करने से दिमाग़ में सूजन आने लगती हैं जिससे दिमागी बुखार और तेज सिर दर्द होने लगता हैं बाद में मरीज़ कोमा में जा सकता हैं और मौत हो जाती हैं। निदान में देरी और लापरवाही से जान को खतरा हो सकता हैं इसलिए लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी चिकित्सक से तुरन्त परामर्श लें।

**बचाव के तरीके :** अभी तक इस वायरस की कोई वैक्सीन नहीं है इसलिए सबसे अहम है घरों में सफ़ाई , घरों में फिनायल से सफ़ाई करवानी चाहिए ताकि मक्खी मच्छरों से बचा जा सके। हाथों को सेनिटाइजर या साबुन से साफ़ करते रहना चाहिए । अल्कोहल आधारित हैंड रब का इस्तेमाल करना चाहिए । खांसते या छींकते समय रुमाल या टिश्यू पेपर का प्रयोग करते रहें। कोल्ड फ्लू रोगियों से दूरी बना कर रखें।

**चांदीपुरा वायरस की यूनानी चिकित्सा :** हब्बे बुखार, शर्बत खाकसी, खमीरा आबरेशम, शर्बत सिनफ्लू, इन्फ्लूएंजा ड्रॉप, हब्बे राल, जवारिश अनारेन और हब्बे अजारकी आदि दी जाती हैं । यूनानी चिकित्सा के लिए पहले अनुभवी यूनानी चिकित्सक से परामर्श लें।

## फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले ई-मित्र एवं आधार केन्द्रों पर कार्रवाई के लिए प्रदेश भर में चलेगा सघन अभियान

# सांचौर में फर्जी आधारकार्ड बनाए जाने के प्रकरण की सीबीआई जांच के लिए केन्द्र सरकार से की अनुशंसा : संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को विधानसभा में आश्वस्त किया कि प्रदेश भर में सघन अभियान चलाकर फर्जी तरीके से आधार कार्ड बनाने वाले आधार केंद्रों एवं ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए प्रदेश में संचालित सभी ई-मित्रों और आधार केन्द्रों की जांच की जाएगी तथा आधार मशीनों की वार्षिक रिपोर्ट मंगाकर उनका भी परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि ई-मित्र संचालकों द्वारा नि:शुल्क सेवाओं तथा सशुल्क सेवाओं की राशि की जानकारी केन्द्र के बाहर लिखा जाना अनिवार्य किया जाएगा, ताकि आमजन से सेवाओं का अधिक शुल्क नहीं वसूला जा सके।

संसदीय कार्य मंत्री रानीवाड़ा विधायक श्री रतन देवासी द्वारा इस संबंध में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से उठाये गए मामले पर जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सीमावर्ती जिलों में संचालित अधिकृत आधार केंद्रों द्वारा फर्जी आधार कार्ड बनाया जाना राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा हुआ बेहद गंभीर मामला है। राज्य सरकार द्वारा ऐसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 21 जून, 2024 को फर्जी दस्तावेजों एवं बायोमेट्रिक का उपयोग कर फर्जी आधार कार्ड बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने पर सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण, नई दिल्ली से आधार कार्ड के संबंध में जांच करवाई गई।

श्री पटेल ने बताया कि सांचौर जिले में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले ई -मित्र संचालकों के विरुद्ध 2 प्रकरण दर्ज किये गए। इनमें से एक प्रकरण में जांच के दौरान आधार कार्ड का नामांकन रजिस्ट्रार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अधीन कार्यरत ऑपरेटर कन्हैयालाल की आई डी से होना पाया गया। प्रकरण में संलिप्त ई -मित्र एवं आधार संचालकों के खिलाफ 21 जून 2024 को पुलिस थाना सरवाना, जिला सांचौर में पुलिस प्राथमिकी संख्या-63 दर्ज कर कानूनी कार्यवाही की गई। श्री पटेल ने कहा कि इस प्रकरण में अनुसन्धान सीबीआई को स्थान्तरित किये जाने के लिए अधिसूचना एवं आवश्यक सूचनायें अनुरोध पत्र के साथ केंद्र सरकार को भेज दी गई हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में नामजद आरोपी तोगाराम, गणपत सिंह व कन्हैया लाल फरार हैं, जिनकी तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# नगर निगम का अग्निशमन अधिकारी दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की भरतपुर टीम में शनिवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय नगर निगम भरतपुर के अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार जाट परिवादी से दस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की भरतपुर टीम को परिवादी शिकायत दी कि उसके द्वारा स्थापित किये जा रहे पेट्रोल पम्प की फायर एनओसी जारी करने की एवज में अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार जाट 15 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है।

जिस पर एसीबी भरतपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रैप की कार्रवाई करते हुए अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार जाट को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

# जेकेके में छह दिवसीय नटराज महोत्सव 23 जुलाई से

## 24 से 28 जुलाई प्रतिदिन नाटक का मंचन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जवाहर कला केंद्र में 23 से 28 जुलाई तक छह दिवसीय नटराज महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में एयू बैंक, रज़ा फाउंडेशन और फोर्थ वॉल सोसाइटी के संयोजन से होने वाले महोत्सव में रंगमंच, गायन व नृत्य का संयोजन देखने को मिलेगा। पहली बार किसी थिएटर फेस्टिवल में रेड कार्पेट होगा। 23 जुलाई को मनीषा गुलयानी की कथक और मो. अमान की शास्त्रीय गायन प्रस्तुति के साथ महोत्सव का उद्घाटन होगा। 24 जुलाई से 28 जुलाई तक प्रतिदिन शाम सात बजे नाट्य प्रस्तुति होगी। 24 जुलाई को इश्तियाक खान द्वारा निर्देशित प्रसिद्ध नाटक 'द शैडो ऑफ ओथेलो' का मंचन होगा। इश्तियाक खान मुंबई के एक प्रसिद्ध निर्देशक हैं, जिन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक किया है और हाल ही में उनके द्वारा निर्देशित फिल्म 'द्वंद' रिलीज़ हुई है जो इसी नाटक पर बनी है। 25 जुलाई को देशराज गुर्जर निर्देशित 'गोरधन के जूते' नाटक होगा। 26 जुलाई को, योगेंद्र सिंह के निर्देशन में हेनरिक इब्सन द्वारा लिखित बहुचर्चित नाटक 'एन एनिमी ऑफ द पीपल' का प्रदर्शन होगा। 27 जुलाई को विशाल विजय के निर्देशन में प्रसिद्ध नाटक '12 एंग्री मेन' का मंचन होगा। विशाल विजय नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक हैं। इस नाटक का मंचन जयपुर में 12वी बार किया जाएगा। इस नाटक के पूरे प्रदर्शन में कोई फेड-आउट नहीं होता कोई जगह नहीं बदलती एवं अभिनेता हमेशा मंच पर ही रहते हैं जो इस नाटक को रोचक बनाता है। 28 जुलाई को, 'संवाद प्रवाह' का आयोजन होगा, जिसमें भारत रत्न भार्गव, आलोक चटर्जी (नटसम्राट के अभिनेता), प्रेरणा श्रीमाली (जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना) और जयंत देशमुख (नटसम्राट के निर्देशक) विचार रखेंगे। शाम 7 बजे, जयंत देशमुख निर्देशित और आलोक चटर्जी द्वारा अभिनीत प्रसिद्ध नाटक 'नटसम्राट' का प्रदर्शन होगा।

# जयपुर में जानलेवा हमला कर युवती से बैग लूटा धक्का देकर स्कूटी सहित रोड पर गिराया

## मोबाइल से ऑनलाइन ट्रांसफर किए रुपए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में जानलेवा हमला कर एक युवती से बैग लूटने का मामला सामने आया है। बाइक सवार बदमाशों ने धक्का देकर उसे स्कूटी सहित रोड पर गिरा दिया। लूटे गए मोबाइल से ऑनलाइन बैंक अकाउंट से रुपए भी ट्रांसफर कर निकाल लिए। ज्योति नगर थाने में पीड़िता ने बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। एएसआई यमुनेश ने बताया- मालवीय नगर निवासी साक्षी (30) के साथ लूट की वारदात हुई। वह आम्रपाली सर्किल वैशाली नगर स्थित एक ऑफिस में जॉब करती है। मंगलवार रात करीब 10.15 बजे वह स्कूटी लेकर ऑफिस से घर जा रही थी। होटल रामबाग के सामने बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए। चलती स्कूटी पर उससे बैग छीनने की कोशिश की। बैग छीनने में कामयाब नहीं होने पर धक्का देकर स्कूटी सहित रोड पर गिरा दिया। रोड पर गिरकर घायल होने पर बेहोशी की हालत का फायदा उठाकर बदमाश बैग लूट ले गए।

### ऑनलाइन ट्रांसफर किए रुपए

राहगीरों ने उसे प्राथमिक उपचार के लिए जयपुरिया हॉस्पिटल पहुंचाया। लूटे गए बैग में 5 हजार रुपए, 2 मोबाइल, डेबिट-क्रेडिट कार्ड सहित डॉक्यूमेंट व सामान रखा था। बदमाशों ने बैग सहित लूटे उसके मोबाइल से बैंक अकाउंट से गुरुवार को 50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर भी किए। ज्योति नगर थाने पहुंचकर पीड़िता ने बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ कम्पलेंड दर्ज करवाई। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ लुटेरों की तलाश कर रही है।

# सीएसटी के हत्थे चढ़ा 25 हजार इनामी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपए का इनामी आरोपित निशांत उर्फ भोला को दस्तयाब कर पुलिस थाना मुहाना को सुपुर्द किया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) दिगंत आनन्द ने बताया कि सीएसटी ने कार्रवाई करते हुए अपहरण और हत्या के मामले में फरार चल रहे कुछ और 25 हजार रुपए का इनामी आरोपित निशांत उर्फ भोला निवासी बुहाना जिला झुन्झुनू को दस्तयाब कर पुलिस थाना मुहाना के सुपुर्द किया है।

# महिला कॉंग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कोटा/ जयपुर।** राजस्थान महिला कॉंग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम ने अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस की अध्यक्षा अल्का लांबा के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय कॉंग्रेस मीडिया पैनेलिस्ट शिल्पी अरोड़ा के साथ राजस्थान कॉंग्रेस प्रदेश मुख्यालय जयपुर पर महिला कॉंग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक ली।

गौतम ने 29 जुलाई को जंतर-मंतर दिल्ली में महिला कॉंग्रेस द्वारा किए जा रहे संसद घेराव कार्यक्रम में राजस्थान से बड़ी संख्या मे भाग लेने का आव्हान किया। इस कार्यक्रम का उद्धेश्य महिला आरक्षण बिल लागू करने, ओबीसी वर्ग की महिलाओं को शामिल करने, महँगाई पर नियंत्रण करने के लिए और महिला सुरक्षा की मांगों को लेकर अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस के प्रतिनिधियों एकजुट करना है।

इस अवसर पर राखी गौतम ने बताया कि 29 जुलाई 2024 को लोकसभा ,राज्यसभा , एवं विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने, महँगाई एवं महिलाओ पर बढ़ते अत्याचारों के खिलाफ अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस द्वारा पूरे देश ली महिला कॉंग्रेस के साथ जंतर-मंतर पर एकत्रित होकर संसद घेराव किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस की और से आयोजित होने वाले इस घेराव कार्यक्रम में राजस्थान प्रदेश महिला कॉंग्रेस की ओर से अधिक से अधिक संख्या मे पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहुंचेंगे। गौतम ने कहा कि अखिल भारतीय महिला कॉंग्रेस द्वारा किए जाने वाले इस संसद घेराव के माध्यम से केंद्र की एनडीए सरकार को मजबूर किया जाएगा कि जल्द से जल्द 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू किया जाये। उन्होंने कहा कि महंगा की चरम स्तर पर पहुंच चुकी है जिसे काबू करने में केंद्र की एनडीए सरकार पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है।

गौतम ने बताया कि जब से केंद्र में एनडीए सरकार बनी है तब से महिलाओं पर अत्याचारों की घटनाओं में बेतहाशा वृद्धि हुई है और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से अभी तक 12 हजार महिलाओं पर अत्याचार के मुक़दमे दर्ज हो चुके है जो इस बात को दर्शाता है कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में पूर्ण रूप से नाकारा साबित हुई है।

# घुमंतू समाज को डराना बंद करें प्रशासन, वरना भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी करेगा बड़ा आंदोलन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान प्रदेश में घुमंतु समाज पर हो रहे अत्याचारों से नाराज घुमंतू समाज के पंच पटेलों ने भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारियों के नेतृत्व में प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी दी है। केकड़ी जिले के ग्राम पंचायत मानखंड में घुमंतू जाति समाज से जुड़े लगभग 20 परिवारों को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बुलडोजर लाकर ध्वस्त करने की धमकी दी गई। जिसके चलते जयपुर से भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी केकड़ी पुलिस थाना पहुंचे और अपनी आपत्ति दर्ज की । भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के पदाधिकारी ने मामले की उच्च स्तर पर जांच की मांग की है और अपने पदाधिकारी से इस संबंध में जल्द ही निर्णय लेकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। वहीं पंचायत समिति के विकास अधिकारी का कहना है कि उन्होंने घुमंतू समाज को धमकी नहीं दी है सिर्फ इतना कहा है कि वह अपनी अवस्था की जानकारी पंचायत समिति में आकर दें।

उन्होंने कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र में रह रहे घुमंतू समाज को स्थाई जीवन प्रदान करने के लिए पट्टा देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है घुमंतू समाज को धमकाने का आरोप गलत है।

# डिस्कॉम का तकनीकी सहायक ग्रेड-प्रथम बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की नागौर टीम ने कार्रवाई करते हुए कार्यालय सहायक अभियंता कनिष्ठ अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कुचेरा जिला नागौर के तकनीकी सहायक ग्रेड प्रथम जयप्रकाश को परिवादी से बीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की नागौर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि श्री फेस कनेक्शन की फाईल पास करवाने की एवज में तकनीकी सहायक प्रथम ग्रेड जयप्रकाश तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी नागौर टीम की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्यवाही करते हुए तकनीकी सहायक ग्रेड प्रथम जयप्रकाश को बीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया है।

# विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया नजर फोटो एग्जिबिशन के पोस्टर का विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर होने वाली 'नजर फोटो एग्जिबिशन' के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल भी मौजूद रहे। पोस्टर का विमोचन करते हुए देवनानी ने आयोजकों को शुभकामनाएं दी। एग्जिबिशन के आयोजक फोटो जर्नलिस्ट संजय कुमावत ने देवनानी को बताया कि यह एक अनोखी प्रदर्शनी है, जिसमें 12 वर्ष के किशोर से लेकर 95 वर्ष के व्यक्ति भी हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 23 से 25 अगस्त तक यह प्रदर्शनी जवाहर कला केंद्र में आयोजित होगी। इसमें 300 से अधिक तस्वीरों का प्रदर्शन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान राजस्थान विधानसभा के उप निदेशक जनसंपर्क लोकेश चंद्र शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अरविंद पालावत, मोहन शर्मा, फोटो जर्नलिस्ट मनोज श्रेष्ठ, सत्येंद्र सिंह, दिनेश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# समर्पण संस्था का वृक्षारोपण कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था द्वारा रविवार, 21 जूलाई को प्रातः 10 बजे डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति द्वारा संचालित डॉ. अम्बेडकर पार्क ,नेशनल हाईवे सीकर रोड , हरमाड़ा में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा ।जिसमें संस्था सदस्य पार्क में फल, छाया व सौन्दर्य के बड़े पेड़ लगायेंगे । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आई ए एस श्री पी. सी. बेरवाल होंगे ।अध्यक्षता संस्था के प्रधान मुख्य सलाहकार व सेवानिवृत्त प्रधान आयकर आयुक्त श्री अनिल कुमार जैन करेंगे। विशिष्ट अतिथि संस्था के मुख्य सलाहकार व आपके सवाल चैनल के संचालक श्री अनिल कुमार अग्रवाल व डॉ. अम्बेडकर विचार मंच समिति के ज़िला अध्यक्ष श्री महता राम काला होंगे । संचालन श्री बी डी बैरवा करेंगे।

# अंबेडकर भवन पर 51 पौधे लगाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अग्रवाल समाज समिति जयपुर' एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास प्रांत जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में वृहद पौधरोपण, ग्रीन जयपुर समृद्ध आयोजन 26 जुलाई से 26 अगस्त तक किया जाएगा,जिसके तहत 1लाख पौधे लगाए जाएंगे,जिसके तहत शनिवार को जवाहर नगर बाई पास स्थित नवल किशोर सर्किल के पास अंबेडकर भवन पर 51 पौधे लगाकर शुरुआत की गई। अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि पौधरोपण के बाद पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर बैठक की गई। बैठक में मुख्य अतिथि जयपुर प्रांत सह संघ कार्यवाह हेमत सेठिया, क्षेत्र संरक्षक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, प्रांत संयोजक नितिन कासलीवाल, जयपुर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं नगर निगम जयपुर द्वारा मनोनीत पर्यावरण एंबेसेडर सुभाष अग्रवाल, बीएल नाटियां, आनंद पोद्दार, लेखराज अग्रवाल, प्रताप भानु, कमल नानुवाला, पार्षद नीरज अग्रवाल, स्थानीय पार्षद एवं शहर के सभी क्षेत्र से पधारे गणमान्य बैठक में उपस्थित रहे । इस मौके पर बैठक मेंएक लाख से अधिक पौधों को भिन्न-भिन्न स्थानों पर जैसे कि शैक्षणिक संस्थाएं, धार्मिक स्थल, भिन्न-भिन्न संपूर्ण शहर की समाज समितियां एवं स्थानीय विकास समितियां को साथ जोड़कर के पौधों को रोपित करने के लिए आयोजन हो एवं आयोजनों को भव्य बनाने पर सहमति बनी। आईपीएस गोविंद गुप्ता को राजस्थान पुलिस विभाग का डीजी बनाए जाने पर श्री अग्रवाल समाज समिति जयपुर ने उनका गुलदस्ता,साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान व अभिनंदन किया।

# गंगापुर में रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**गंगापुर/भीलवाडा ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर द्वारा स्वर्गीय ईश्वर लाल सांखला की पुण्य स्मृति में सांखला परिवार के सहयोग से शनिवार को सांखला कांपलेक्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि शिविर में 06 महिलाओं सहित 118 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदाताओ को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रक्त का संग्रह रामस्नेही चिकित्सालय भीलवाड़ा की टीम द्वारा किया गया। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पीयुष जेलिया, शाखा के संरक्षक प्रहलाद सोमानी, रीजनल महाचिव संदीप बाल्दी,शाखा अध्यक्ष भेरूलाल सुराणा ,शिविर प्रभारी चमन लोसर,प्रकल्प प्रभारी पवन लोहियां , राजेश समदानी ,मनीष सांखला व राजेश गोखरू ने मां भारती, स्वामी विवेकानंद व ईश्वर लाल सांखला की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गायन के साथ किया गया। शिविर का रामसनेही चिकित्सालय भीलवाड़ा के ब्लड बैंक प्रभारी रामनारायण लड्डा ने भी रक्तदान शिविर का अवलोकन किया तथा उनके द्वारा परिषद के समय समय पर शिविर आयोजन के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इस रक्तदान शिविर के दौरान शाखा सचिव अखिलेश अग्रवाल ,वित्त सचिव तुषार अग्रवाल ,सुरेश सिंघवी कैलाश कोठारी, अरविंद चौधरी, गिरिराज सोमानी, पवन रुइया ,चैनसुख जीनगर आशीष सेन ,मनोज मुंदड़ा ,रामनारायण वैष्णव ,निखिल शर्मा,राजकुमार वैष्णव भावेश उपाध्याय ,राकेश जागेटिया ,प्रदीप दाधीच प्रमोद वगरानी शुभम बहेडिया ,महिला सदस्या दया सैनी अरुणा श्रोत्रिय नीलू वागरणी और सांखला परिवार के ज्ञानचंद तातेड, कला करण कोठारी,अमित सांखला राजकुमार शर्मा ,सत्यनारायण सिंह , सम्पत जाट आदि मौजूद रहे।



# विधायक कृपलानी के जन्मोत्सव आयोजन को लेकर भाजपा नगर मंडल की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राज्य के पूर्व यूडीएच मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्री चंद्र कृपलानी के 23 जुलाई मंगलवार को नगर में आयोजित होने वाले जन्मदिन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक पूर्व विधायक अशोक नवलखा की विशेष उपस्थिति एवं भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी ने बताया कि 23 जुलाई को पूर्व यूपीएस मंत्री एवं क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्रीचंद कृपलानी के जन्मोत्सव के अवसर पर राजमाता सिंधिया पार्क मार्ग पर होटल तनिष्क में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न सेवा प्रकल्प भी किए जाएंगे। इसके अंतर्गत भाजपा पार्षद दल द्वारा नगर की श्री सांवरिया गौशाला, भाजयुमो नगर मण्डल द्वारा श्री राम गौशाला एवं नगर महिला मोर्चा द्वारा जैन दिवाकर कमल गौशाला में गायों को हरा चारा खिलाकर गौ सेवा की जाएगी।

तैयारी बैठक में नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर, नगर उपाध्यक्ष पुष्कर सोनी, निलेश खेरोदिया, नरेश आमेटा, महिपाल सिंह, नगर मंत्री दिलीप मोदी, रवि कृपलानी, कुलदीप सिंह राठौड़, धर्मपाल जाट, सोशल मीडिया प्रभारी सुनील चाष्टा आदि मौजूद रहे।

# बेटी व प्रकृति को संरक्षण देने में जुटा है युवा जागृति संस्थान

## बेट, पानी, पेड़ और पर्यावरण संरक्षण के लिए लगा चुका अब तक डेढ़ लाख पौधे

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( नि.स. ) ।** युवा जागृति संस्थान का बेटी, पानी, पेड़ और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनवरत रूप से वृक्षारोपण जारी है संस्था ने इनके संरक्षण में अलग-अलग मूहीमों ,अभियानों का संचालन कर अब तक डेढ़ लाख से अधिक पेड़ पौधों को धरती मां की गोद में रोपित किया है संस्थान ने पौधारोपण का बीड़ा कई वर्षों से उठा रखा है अगर हम समाज में बेटियों की बात करें तो संस्थान ने बेटी - बचाओ, बेटी - पढ़ाओ के अंतर्गत थानागाजी के उदयनाथ धाम में हर वर्ष इस क्षेत्र के आस-पास के गांव की बालिकाओं द्वारा पौधारोपण का काम किया जाता है और बेटियों के हाथों से पौधों को रक्षा सूत्र बंधवा सुरक्षा का जिम्मा सौंपा जाता है इस वर्ष भी बानसूर के युवा जागृति एग्रो रिसर्च एंड ऑर्गेनिक एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर पर 101 स्कूली बालिकाओं एवं स्टाफ की मदद से सघन वृक्षारोपण किया गया है संस्था के सचिव डॉ. गोकुल सैनी बताते हैं जिन्हें भारत के 40 पर्यावरणविदों की श्रेणी में रखा गया है इनका कहना है कि हमारी संपूर्ण सृष्टि प्रकृति और बेटी दोनों पर आधारित है ये दोनों मानव जीवन का मूल आधार है और हमारी धरती पर दोनों असंरक्षित हैं दोनों का संरक्षण बना रहे इसके लिए हमनें बेटी पानी पेड़ और पर्यावरण संरक्षण अभियान की शुरुआत की और हर वर्ष अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन कर हजारों पेड़ पौधे लगाए जाते हैं समाज इनके संरक्षण के लिए जागरूक बन रहा है लोग अपने बच्चों के जन्मदिन एवं मांगलिक अवसरों पर पेड़ लगाने लगे हैं।लगातार बढ़ती जनसंख्या और नगरीकरण के दौर में पेड़ों की बेरोकटोक कटाई से वातावरण दूषित होता जा रहा है जिससे कैंसर, अस्थमा और अन्य महामारियों से इंसान को जूझना पड़ रहा है इन सब से राहत पाने के लिए हमें पर्यावरण को समझना होगा उसे सुरक्षित संरक्षित और उसके संतुलन में हमें पेड़ लगाने ही होंगे तभी हम आगे आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ सुरक्षित देख पाएंगे यदि समाज में बेटियों की बात करें तो भारतीय समाज हमेशा से ही पुरुष प्रधान रहा है परंतु बेटियों के बिना परिवार पूरा नहीं होता इसलिए दोनों को बचाए रखने और संरक्षित करने की जरूरत है बेटियों को आत्मनिर्भर बनाएं ताकि वह किसी पर आश्रित न रहे और अपने जीवन को बोझ न समझे हमारा पूरा प्रयास है कि हम इनके संरक्षण की आवाज पूरे भारतवर्ष में पहुंचाएं और लोगों को जागरूक करें संस्थान की महिला मंडल की महिलाएं महिला उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या, बालिकाओं के लिए गुड- टच बेड- टच आदि विषयों पर महिलाओं, स्कूली बालिकाओं आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा की महिलाओं को कार्यशालाओं का आयोजन कर जागरूक किया जाता है ताकि वे अपने अधिकारों को समझ कर जागरूक बने।

# विधायक देवी सिंह शेखावत ने विधानसभा में उठाई क्षेत्र की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान



**बानसूर ( नि.स. ) ।** स्थानीय विधायक देवीसिंह शेखावत ने शनिवार को विधानसभा बजट सत्र - 2024 को लेकर अपनी बात रखते हुए विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को सदन में पूरजोर तरिकें सें उठाया। विधायक शेखावत ने कहा कि बानसूर विधानसभा में परिवहन की भारी समस्या हैं जिसके चलते ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। सड़को पर चल रही राजस्थान रोड़वेज बसों की हालात खराब हो चुकी है। जिसके चलतें आए दिन हादसों का डर बना रहता है। उन्होंने कहा कि बानसूर विधानसभा क्षेत्र में बानसूर और नारायणपुर उपखंड क्षेत्र लगतें है। बानसूर में 10 साल पहले भाजपा की सरकार में अलवर से सीकर की बसें लगाई गई थी। जिनमें पर्याप्त मात्रा में भार था। लेकिन कांग्रेस सरकार आनें के बाद आजकल वह बसें अब दिखाई नहीं दे रही हैं। उन्होंने बानसूर उपखंड क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में रोड़वेज बसों के संचालन की मांग की। उन्होंने कहा कि जयपुर से नारायणपुर आने वाली बसों का समय जल्दी होने से लोगों को इसका फायदा नहीं मिलता हैं। इसलिए बसों का समय सही किया जाए जिससे लोगों कों इसका फायदा मिलें औंर जो बसे अलवर जाती हैं वो बसे वाया थानागाजी होकर जाती है। जिससे नारायणपुर जाने वाले यात्रियों को बीच में ही उतरना पड़ता है और वहा से प्राईवेट वाहनों में सफर करना पड़ता है। जिससे नारायणपुर क्षेत्र की क़रीब 20 से 25 पंचायत के लोगों को इसका फायदा नहीं मिलता हैं। उन्होंने सदन में मांग करी करतें हुए कहा कि 6 बजे से 8 बजे तक तीन बसों का संचालन वाया नारायणपुर किया जाना चाहिए जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। इसके साथ ही विधायक ने हरसौरा व रामपुर में भी पर्याप्त रोड़वेज बसों के संचालन की मांग की। विधायक शेखावत ने क्षेत्र में चल रहे ओवरलोड वाहनों को लेकर विधानसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि कोटपुतली बहरोड़ जिले में प्रतिदिन 1600 ट्रक होकर निकलते है। जिनमें 60 टन से 100 तक माल भरा रहता है । जो कानूनी रूप से भी सही नही है और बड़े ही खतरनाक तरीके से चलते है और आए दिन दुर्घटनाएं होती है। उन्होंने सदन में मांग करी कि या तो इन्हे रेगुलर किया जाए या शक्ति से पालन किया जाए। तों वही उन्होंने नारायणपुर और बानसूर में पॉलिटेक्निकल कॉलेज और बस स्टैण्ड बनवाने की भी मांग की।

# प्रथम तिमाही में गंदगी फ़ैलाने वालों से 03 लाख 75 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** पश्चिम मध्य रेलवे कोटा सहित जबलपुर एवं भोपाल मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 2248 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 03 लाख 76 हजार 835 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले जून माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 226 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 42 हजार 620 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं। स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें। गंदगी करने वालों के विरुद्ध आगे भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# एमपीएस ने की सांसद से काचरोदा मे डामर सड़क की मांग



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के फुलेरा आगमन पर सांभर पंचायत समिती सदस्य नेमीचंद कुमावत ने ज्ञापन देकर विकास की दृष्टि से पिछडे ग्राम काचरोदा मे सडक निर्माण सामुदायिक भवन ओर आष्टा की ढाणी मे अण्डर पास बनाये जाने की मांग की ।सांसद को दिये गए ज्ञापन मे एमपीएस कुमावत ने बताया कि दयाल नगर आष्टी की ढाणी गेट नम्बर 250 पर से स्कूल की ढाणी जाने वाले मार्ग पर अण्डर पास बनाने ,पटेल बाबा की ढाणी से जोबनेर सडक मार्ग तक व अटल सेवा केंद्र से प्यार वाली कोठी पक डामर सडक तथा गेट नम्बर 249पर निर्माणाधीन ओवर ब्रिज पर पैदल चलने वालो के लिए पद मार्ग व दयाल नगर वार्ड नम्बर दो व काचरोदा मे सामुदायिक भवन निर्माण करवाने की मांग की ।

# चाकसू न्यायालय में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधरोपण कार्यक्रम के तहत लगाए 10 से अधिक पेड़



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** शनिवार को सिविल न्यायालय परिसर चाकसू में दी बार एसोसिएशन एवम् जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती नंदिनी व्यास जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजेंद्र बंसीवाल सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर महानगर प्रथम, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कंचन सिंह राजावत न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 19 चाकसू दी बार एसोसिएशन चाकसू के अध्यक्ष एन एल शर्मा एडवोकेट, महासचिव दुर्गा प्रसाद बैरवा पूर्व अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, पूर्व महासचिव श्रवण लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, जितेंद्र कुमार गौतम, वरिष्ठ अधिवक्ता अनंग पाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक अर्जुन सिंह राजावत, अधिवक्ता मुकेश पारीक, राम रतन मीणा दिलीप सिंह नरूका, मुनव्वर खान, राजेश यादव, रामरतन शर्मा, प्रह्लाद जगरवाल,किशन प्रजापत, कमल किशोर शर्मा, शुभम गोस्वामी, सोहनलाल सैनी, विनोद चौधरी, अंकित सैनी, चंद्र प्रकाश टेलर , नीरज शर्मा ,जितेश शर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. ) ।** भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर की बैठक जिला अध्यक्ष उम्मेंद सिंह भाया की अध्यक्षता में हुई। बैठक कों संबोधित करते हुए उम्मेदसिंह भाया ने कहा कि जिला प्रदेश की भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में घोषित बजट में हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। इस बजट से निश्चित तौर से राजस्थान का चहुमुखी विकास होगा। प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। इसके साथ ही अलवर में भाजपा का जिला प्रमुख बनने पर सभी जिला पार्षद गणों का धन्यवाद एवं आभार जताया।

इस मौके पर जिला महामंत्री महा सिंह चौधरी, हर्ष यादव, जिला उपाध्यक्ष डॉ. शशिकांत बोहरा ,डॉ. नीलम यादव, रमेश रावत, सुरेंद्र यादव,मंडल अध्यक्ष नरेंद्र चौधरी जयप्रकाश शर्मा, सतेंद्र शर्मा, हनुमान यादव ,राकेश चौहान ,सीताराम एडवोकेट, रामवीर सिंह, सहित जिले के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे।

# हरियालो चित्तौड़ अभियान के अंतर्गत महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में किया पौधारोपण



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के हरित राजस्थान अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे हरियालो चित्तौड़ अभियान में निम्बाहेड़ा उपखण्ड के धीनवा ग्राम स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सघन पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अशोक नवलखा मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत जावदा-ढुंढु अमर सिंह रावत, भरत मेनारिया, गुलाब सिंह सोलंकी, राजेंद्र सिंह, शांतिलाल मेनारिया थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मूंदड़ा ने की तथा अतिथियों का आभार संस्था प्रधान महेंद्रपाल सिंह चुंडावत ने किया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक नवलखा ने अपने सम्बोधन के माध्यम से बच्चों एवं विद्यालय स्टाफ को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के आरम्भ में विद्यालय परिवार की ओर से संस्था प्रधान ने सभी अतिथियों का उपरना ओढाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर मुकेश मेनारिया, ज्योति शर्मा, अंजू सनाढ्य, दक्षिणा शर्मा, नीता भट्ट, संतोष कंवर, विमल बैरागी तथा वरदीचंद उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षक उदयसिंह भाटी ने किया।

# घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर चोरी

## डिग्गी खोल स्टेपनी पर भी किया हाथा साफ, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर थाना इलाके अज्ञात बदमाश घर के बाहर खड़ी कार के चारों टायर खोल कर ले गए। यही नहीं बदमाशों का दिल इतने में नहीं भरा तो डिग्गी खोलकर उसमें रखी स्टेपनी पर भी हाथ साफ कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल रामप्रकाश ने बताया कि सांगानेर निवासी येशा दाधीच (30) का आरोप है कि बुधवार रात उसने घर के बाहर रोड किनारे अपनी कार खड़ी की थी। देर रात करीब तीन बजे अज्ञात बदमाश कार के चारों टायर सिम सहित खोल कर ले गए। बदमाशों ने डिग्गी का लॉक खोलकर उसमें रखी स्टेपनी भी निकाल ली। गुरुवार सुबह कार संभालने पर मामले की जानकारी चली।

# गुरुपुर्णिमा महोत्सव आज, शिष्य अपने गुरु को दक्षिणा देकर होगें उऋण

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. ) ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रो मे गुरुवार पूर्णिमा महोत्सव आज रविवार को परम्परागत तरीके से मनाया जायेगा । गुरू अर्थात अज्ञानता के अंधेरे से 'रू' रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाले महान व्यक्ती को गुरू दक्षिणा देकर उऋण होने का प्रयास करना ।वैसे तो व्यक्ती की प्रथम गुरु मॉ होती है ।वही अपनी संतान को संस्कार रूपी शिक्षा देती है ।मॉ के दिये हुए संस्कार से ही ओलाद संसार रूपी भवसागर से पार करता है ।दूसरा गुरू शिक्षक ओर संत महात्मा होते है ।शिक्षक अपने शिष्य की अंगुली पकड़कर पहला अक्षर क लिखना सिखाता है तो गुरू संत महात्मा अपने शिष्य की अंगुली पकड़कर कर संसकारी अज्ञानता दूर करता है ।ऐसे ही संस्कारो से ओतप्रोत शिष्य गुरूपुर्णीमा के दिन अपने गुरू को दक्षिणा मे चरणवन्दना कर आशीर्वाद प्राप्त करते है ।

## सम्पादकीय

# इलेक्ट्रिक वाहनों में निवेश

भारत का 2030 तक उत्सर्जन में 45 प्रतिशत की कमी करने तथा 2070 तक उत्सर्जन को विशुद्ध शून्य तक लाने का लक्ष्य, काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि हम इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को किस हद तक अपना पाते हैं। हम पहले ही खुद को दुनिया में इलेक्ट्रिक व्हीकल के सबसे तेज बढ़ते बाजार के रूप में स्थापित कर चुके हैं। देश की स्थिति को और मजबूत करने के लिए भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार ने हाल ही में ई-मोबिलिटी के लिए शोध एवं विकास रणनीति को लेकर एक रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में ईवी को व्यापक तौर पर अपनाने की बात कही गई और यह भी कहा गया कि हमें स्वदेशी ऊर्जा भंडारण व्यवस्था, चार्जिंग ढांचे के लिए नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन प्रणाली और टिकाऊ सामग्री और रिसाइक्लिंग के तरीके तलाशने होंगे।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के मुताबिक 2023-24 में देश में ईवी की सालाना बिक्री 17.5 लाख वाहनों की थी जो इससे पिछले साल की तुलना में 40 फीसदी ज्यादा थी। ईवी बाजार में वृद्धि का श्रेय नैशनल ऑटो पॉलिसी 2018 और नैशनल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन प्लान 2020 को दिया जा सकता है। इसके अलावा सरकार की प्रमुख योजना फास्टर एडॉप्शन ऐंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ (हाइब्रिड ऐंड) इलेक्ट्रिक व्हीकल्स या (फेम) 2, जो इस साल के आरंभ में समाप्त हुई, उसमें दोपहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणी को इलेक्ट्रिक बनाने पर जोर दिया गया। ये दोनों श्रेणियां इस योजना के तहत लक्षित वाहनों में 98 फीसदी वाहनों को कवर करती हैं। देश की सड़कों पर इन्हीं दोनों श्रेणियों के वाहनों का राज है। ईवी 30 एट 30 के लक्ष्य के तहत भारत की कोशिश है कि 2030 तक देश में निजी रूप से पंजीकृत होने वाले वाहनों में ईवी की हिस्सेदारी 30 फीसदी, बसों में 40 फीसदी, वाणिज्यिक कारों में 70 फीसदी और दोपहिया तथा तिपहिया वाहनों में 80 फीसदी कर दी जाए। बहरहाल इन वाहनों का महंगा होना और चार्जिंग के लिए अपर्याप्त ढांचों का होना अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। इसके अलावा उत्पादन की बात करें तो ई-मोबिलिटी की मूल्य श्रृंखला आयात पर बहुत अधिक निर्भर करती है। घरेलू ईवी निर्माण अभी भी वाहनों की असेंबलिंग तक सीमित है और अधिकांश कलपुर्जों बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक चिप आदि के लिए हमारे पास घरेलू क्षमता नहीं है।

कमजोर आपूर्ति श्रृंखला के कारण घरेलू कलपुर्जा निर्माण के लिए हम तकनीक और सामग्री के स्तर पर बहुत हद तक चीन पर निर्भर करते हैं। ई-मोबिलिटी क्षेत्र में आयात पर निर्भरता कम करने के लिए वाहन क्षेत्र में घरेलू शोध क्षमताओं को मजबूत करना होगा। उदाहरण के लिए फिलहाल 70 फीसदी लीथियम हम चीन से आयात करते हैं और रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि हमें सोडियम-आयन, लीथियम-एयर, एल्युमीनियम-एयर और लीथियम-सल्फर जैसे विकल्पों से नवाचार करने की कोशिश करनी चाहिए। ये लीथियम-आयन बैटरी के विकल्प बन सकते हैं। रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि ई-मोबिलिटी में 30-34 अहम क्षेत्रों में शोध एवं विकास के लिए करीब 1,200 करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है।

# महानगरों में बढ़ता जानलेवा प्रदूषण गंभीर चुनौती

**केंद्र सरकार ने वायु प्रदूषण एवं हवा में घुलते जहरीले तत्वों की चुनौती के मुकाबले के लिये राष्ट्रीय वायु स्वच्छता कार्यꣃ म के ꣃि यान्वयन की घोषणा 2019 में की थी। जिसका मकसद था कि खराब हवा के कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले घातक प्रभाव को कम किया जा सके। सरकार की कोशिश थी कि देश के चुनिंदा एक सौ तीस शहरों में वर्ष 2017 के मुकाबले वर्ष 2024 तक घातक धूल कणों की उपस्थिति को बीस से तीस फीसदी कम किया जा सके। लेकिन विडम्बना है कि तय लक्ष्य हासिल नहीं हो सके। महानगरों-नगरों को रहने लायक बनाने की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। हालांकि लोगों को सिर्फ एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है, एंटीडस्ट अभियान को निरन्तर जीवन का हिस्सा बनाना होगा। लोगों को खुद भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी।**

ललित गर्ग

चिकित्सा विज्ञान से जुड़ी चर्चित अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका लासेंट के हाल के अध्ययन में वायु प्रदूषण की बढ़ती विनाशकारी स्थितियों के आंकड़े न केवल चौंकाने वाले है बल्कि अत्यंत चिन्तातनक है। भारत के दस बड़े शहरों में हर दिन होने वाली मौतों में सात फीसदी से अधिक का मुख्य कारण हवा में व्याप्त प्रदूषण है। वहीं दुनिया में सबसे प्रदूषित राजधानी दिल्ली में यह आंकड़ा साढ़े ग्यारह प्रतिशत है। भारत के महानगरों में वायु प्रदूषण के रूप में पसर रही मौत के लिये सरकार एवं उनसे संबंधित एजेंसियों की लापरवाही एवं कोताही शर्मनाक है, क्योंकि सरकार द्वारा 131 शहरों को आवंटित धनराशि का महज 60 फीसदी ही खर्च किया जाता है। गंभीर से गंभीरतर होती वायु प्रदूषण की स्थितियों के बावजूद समस्या के समाधान में कोताही चिन्ता में डाल रही है एवं आम जनजीवन के स्वास्थ्य को चौपट कर रही है। महानगरों में प्रदूषण का ऐसा विकराल जाल है जिसमें मनुष्य सहित सारे जीव-जंतु फंसकर छटपटा रहे हैं, जीवन सांसों पर छाये संकट से जूझ रहे हैं। लोगों को खुली जगह में कूड़ा नहीं फैंकना चाहिए और न ही उसे जलाया जाए। वाहनों का प्रदूषण लेवल चैक करना चाहिए। कोशिश करें कि हम निजी वाहनों का इस्तेमाल कम से कम करें और सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। आम जनता की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली पटाखे जलाने की भौतिकतावादी मानसिकता को विराम देना जरूरी है। प्रदूषण मुक्त पर्यावरण की वैश्विक अभिधारणा को मूर्त रूप देने के लिये इको फ्रेंडली दीपावली मनाने की दिशा में गत दो-तीन साल में कई पायदान हम ऊपर चढ़े हैं, एक सकारात्मक वातावरण बना। लेकिन पटाखों से ज्यादा खतरनाक हैं पराली का प्रदूषण। पराली आज एक राजनीतिक प्रदूषण बन चुका है। दिल्ली एवं पंजाब में एक ही दल ही सरकारें है, दूसरों पर आरोप लगाने की बजाय क्यों नहीं आम आदमी पार्टी की सरकार समाधान देती।



प्रदूषण से ठीक उसी प्रकार लड़ना होगा जैसे एक नन्हा-सा दीपक गहन अंधेरे से लड़ता है। छोटी औकात, पर अंधेरे को पास नहीं आने देता। क्षण-क्षण अग्नि-परीक्षा देता है। पर हां! अग्नि परीक्षा से कोई अपने शरीर पर फूस लपेट कर नहीं निकल सकता। इसके लिये शहरों में वृक्षारोपण करके हरियाली का दायरा बढ़ाना, कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन, इलेक्ट्रानिक वाहनों को प्रोत्साहन तथा इन वाहनों के लिये चार्जिंग स्टेशन बनाने जैसे प्रयास करने के सुझावों का क्रियान्वित करने की अपेक्षा है, इसके लिये जो कार्यक्रम प्रदूषण से ग्रस्त चुनिंदा शहरों में चलाया जाना था, लेकिन स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिशा में कोई गंभीर प्रयास नहीं किया गया। जिससे समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। इसी कारण देश के अधिकांश शहर गंभीर वायु प्रदूषण की चपेट में हैं। लेकिन स्थानीय निकायों व प्रशासन ने संकट की गंभीरता को नहीं समझा। इस दिशा में अपेक्षित सक्रियता नजर नहीं आई। प्रश्न है कि पिछले कुछ सालों से लगातार इस महासंकट से जूझ रहे महानगरों को कोई समाधान की रोशनी क्यों नहीं मिलती? सरकारें एवं राजनेता एक दूसरे पर जिम्मेदारी ठहराने की बजाय समाधान के लिये तत्पर क्यों नहीं होते? प्रशासन अपनी जिम्मेदारी क्यों नहीं निभा पा रही है? राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये सक्रिय है, केंद्रीय पर्यावरण, वन तथा जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने भी प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिये करीब साढ़े दस हजार करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। लेकिन विडम्बना है कि पर्याप्त फण्ड होने के बावजूद सिर्फ साठ फीसदी राशि ही इस मकसद के लिये खर्च की गई। वहीं सत्ताईस शहरों ने बजट का तीस फीसदी ही खर्च किया। कुछ शहरों ने तो इस मकसद के लिये आवंटित धन का बिल्कुल उपयोग नहीं किया। कैसे समस्या से मुक्ति मिलेगी? जीवाश्म ईंधन के उपयोग, सड़कों पर निरंतर बढ़ते पेट्रोल-डीजल वाहन, सार्वजनिक यातायात की बदहाली व कचरे का ठीक से निस्तारण न होने से वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लक्ष्य हासिल करना जटिल होता जा रहा है। अब समस्या की विकरालता को देखते हुए केंद्र सरकार इस दिशा में नये सिरे से गंभीरता से पहल कर रही है, जिससे प्रदूषित शहरों को दी जाने वाली राशि का यथा समय अधिकतम उपयोग हो सके। पराली की समस्या को हल करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से 1347 करोड़ रुपये और उपकरण दिए गए। अगर इस पर राजनीति करने की जगह ईमानदारी से काम होता तो प्रदूषण को कम करने की दिशा में हम कुछ कदम बढ़े होते। वायु प्रदूषण एक जाना-पहचाना पर्यावरणीय स्वास्थ्य खतरा है। हम जानते हैं कि हम क्या देख रहे हैं जब भूरे रंग की धुंध शहर के ऊपर छा जाती है, व्यस्त राजमार्ग पर धुआँ निकलता है या धुएँ के ढेर से धुआँ निकलता है। वायु प्रदूषण मानव निर्मित और प्राकृतिक दोनों स्त्रोतों से उत्पन्न खतरनाक पदार्थों का मिश्रण है। वाहनों से निकलने वाला उत्सर्जन, घरों को वातानुकूलित करने के लिए ईंधन तेल और प्राकृतिक गैस, एसी का उपयोग, विनिर्माण और बिजली उत्पादन के उप-उत्पाद, विशेष रूप से कोयला-ईंधन वाले बिजली संयंत्र, और रासायनिक उत्पादन से निकलने वाले धुएं मानव निर्मित वायु प्रदूषण के प्राथमिक स्त्रोत हैं। बढ़ता प्रदूषण वैश्विक स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए एक बड़ा खतरा है। वायु प्रदूषण सभी रूपों में, हर साल दुनिया भर में 6.5 मिलियन से अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार है यह संख्या पिछले दो दशकों में बढ़ी है। भारत के महानगरों में यह अधिक विकराल होती जा रही है। उच्च वायु प्रदूषण से संबंधित सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं में कैंसर, हृदय रोग, श्वसन रोग, मधुमेह, मोटापा, तथा प्रजनन, तंत्रिका संबंधी और प्रतिरक्षा प्रणाली संबंधी विकार शामिल हैं। वायु प्रदूषण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होने लगती है। महानगरों की हवा में उच्च सांद्रता है, जो बच्चों को सांस की बीमारी और हृदय रोगों की तरफ धकेल रही है। शोध एवं अध्ययन में यह भी पाया गया है कि दिल्ली जैसे महानगरों में रहने वाले 75.4 फीसदी बच्चों को घुटन महसूस होती है। 24.2 फीसदी बच्चों की आंखों में खुजली की शिकायत होती है। सर्दियों में बच्चों को खांसी की शिकायत भी होती है। बुजुर्गों का स्वास्थ्य तो बहुत ज्यादा प्रभावित होता ही है। हवा में कैडमियम और आर्सेनिक की मात्रा में वृद्धि से कैंसर, गुर्दे की समस्या और उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। 300 से अधिक एक्यूआइ वाले शहरों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी सहित अनेक महानगर क्षेत्र में रहने वाले सांस के रूप में जहर खींचने को क्यों विवश है, इसके कारणों पर इतनी बार चर्चा हो चुकी है कि उन्हें दोहराने की आवश्यकता नहीं। निस्संदेह, राज्यों के शासन व स्थानीय प्रशासन के वायु प्रदूषण को लेकर उदासीन रवैये से नागरिकों के जीवन का संकट बरकरार है। सर्वविदित तथ्य है कि न तो सरकारों के पास पर्याप्त संसाधन हैं और न ही ऐसा विशिष्ट कार्यबल। नागरिकों की जागरूकता व जवाबदेही बढ़ाकर वायु प्रदूषण पर नियंत्रण किया जा सकता है। इस विषम एवं ज्वलंत समस्या से मुक्ति के लिये प्रशासन एवं सरकारों को संवेदनशील एवं अन्तर्दृष्टि-सम्पन्न बनना होगा।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**वृष**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**मिथुन**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कर्क**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे। महिला मित्रों से विशेष लाभ होगा।

**सिंह**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**कन्या**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा। उत्तम विवाह सुख प्राप्त होगा।

**तुला**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**धनु**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**मकर**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**कुंभ**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

**मीन**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

## शख्सियत

**जीवन में गोल यानि उद्देश्य बहुत जरूरी है ,क्योंकि बिना उद्देश्य के हम जिंदगी के उसे चौराहे पर खड़े हैं जहां रास्ते तो चार हैं लेकिन हम चल ही नहीं पाते और जीवन भर वही खड़े रह जाते हैं..**

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम की सुपर डुपर स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा की शानदार,दमदार और बेहद मेहनती पुलिस अधिकारी डॉ.प्रियंका रघुवंशी। 10 जुलाई को जयपुर में जन्मी डॉ.प्रियंका राजस्थान पुलिस में किसी परिचय की मौहताज नहीं हैं। एक महिला होकर कभी हार ना मानने और कभी थकान ना होनें का जज्बा लिए अपने कर्तव्य पथ पर चल रही हैं। पीएचडी जीवन विज्ञान और विष विज्ञान जैसे विषय पर कर समाज को बड़े करीब से समझने का मादा रखती हैं। 2015 में पुलिस महकमें में आई और राजस्थान पुलिस एकेडमी में जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में ट्रैनिग लेने के बाद सबसे पहली पोस्टिंग अलवर डिप्टी एसपी के रूप में संभाली। दरअसल आईसीजी में ये लेक्चरर शिप छोड़कर पुलिस बेड़े में शामिल ही इसलिए हुई क्योंकि समाज से अपराध को खात्मा करने का इनका जज्बा बन चुका था। अलवर शहर सीओ शिप पूरे एक साल करके अलवर में कई बड़े अपराधों का खुलासा कर अपराधियों को उनके सही ठिकाने पहुँचानें का काम किया। उसके बाद सरकार ने इन्हे अजमेर लगाया जहां। डिप्टी एसपी अजमेर (उत्तर) रही और एक बड़े अंतराल तक वहां रूकी रही। लगभग 3 साल अजमेर में अपराधियों की नाक में दम करने वाली जाँबाज महिला पुलिस अधिकारी के रूप में इनकी गिनती होनें लगी। वहीं से इनका प्रमोशन हुआ और ये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय कमांड अजमेर रही। वहां भी पुलिस कंट्रोल की सेवाओं का बेहतरीन विस्तार कर आमजन में विश्वास पैदा किया। उसके बाद इन्हे सरकार ने उदयपुर लगाया जहां ये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और मुख्यालय रही।



डॉ.प्रियंका रघुवंशी
एएसपी( आरपीएस )

अब अलवर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पद को सुशोभित कर रही हैं। इनका जोश जज्बा और बेहतरीन पुलिस स्टाईल के थानाधिकारीगण कायल रहते हैं। काम को काम के दबाव व तनाव में ना करके उसे कर्तव्यपरायणता के रूप में करती हैं इसलिए जैसी तस्वीर में नजर आ रही हैं सजीव जीवन में भी ऐसे ही दिखती हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामन करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 21 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- युवा हेरो स्ट्रैटस ने 356 ईपू में अपनी प्रसिद्धि के लिए प्राचीन विश्व के सात आश्चर्यों में शामिल आर्टिमिस के मंदिर में आग लगा दी।
- औरंगजेब ने 1658 में अपने अनौपचारिक राज्याभिषेक का जश्न मनाया।।
- बेल्जियम ने 1831 में नीदरलैंड से स्वतंत्रता हासिल की, लियोपोल्ड प्रथम राजा बने।
- कोलकाता में भारत के पहले सार्वजनिक थियेटर हॉल स्टार थियेटर की शुरुआत 1883 में हुई।
- लॉर्ड के मैदान पर 1884 को पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया।
- ब्रिटेन के आविष्कारक डनलप ने 1888 में टायर और टयूब तैयार किया जिससे परिवहन साधनों की गति बढ़ी।
- 13 साल तक चले निर्माण कार्य के बाद रूस ने 1904 में 4607 किलोमीटर लम्बी ट्रांस साइबेरियन रेल लाइन का काम पूरा हुआ।
- सोवियत संघ ने 1940 में एस्टोनिया लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया।
- संविधान ने 1947 में राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकृत किया।
- इंडोनेशिया में पहला राजनीतिक चुनाव 1947 को शुरू हुआ।
- श्रीलंका (तब सीलोन) में 1960 को सीरीमावो भंडारनायके विश्व की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी।
- भारत चीन के बीच सीमा पर 1962 में युद्ध हुआ ।
- काशी विद्यापीठ को 1963 में विश्वविद्यालय का दर्जा मिला।
- इन्सैट-1 सी को 1988 में इन्सैट प्रणाली को पूर्ण रूप से सक्षम बनाने के लिए 93.5ए पूर्व स्थिति के लिए कोरू से 21 जुलाई, 1988 को प्रमोचित किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 2004 में भारी बहुमत से पश्चिमी किनारे के फ़िलिस्तीनी क्षेत्रों से इस्रायल को बाढ़ हटाने का प्रस्ताव पारित किया।
- वांशिगटन में 2007 को चार दिनों तक चले विचार-विमर्श के बाद भारत-अमेरिका परमाणु समझौते का प्रारूप तैयार किया गया।
- हैरी पॉटर सीरिज की आखिरी किताब 2007 में 'हैरी पॉटर एंड द डेवली हैलोज' जारी की गई।
- प्रतिभा पाटिल 2007 में भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं।
- नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भारतीय मूल के रामबरन यादव को 2008 में नेपाल का पहला राष्ट्रपति चुना गया।
- बेल्जियम के महाराज अल्बर्ट द्वितीय ने 2013 में बेटे फिलिप की ताजपोशी के लिए राजगद्दी छोड़ी।

### 21 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- अंगरेजी समाचार एजेंसी राइटर के संस्थापक जूलियस राइटर का जन्म 1816 को हुआ था।
- ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मानित और प्रसिद्ध गुजराती साहित्यकार उमाशंकर जोशी का जन्म 1911 को हुआ था।

## विशेष आलेख

# महिलाओं को पुरुषों जितनी मजदूरी कमाने के समान अधिकार प्राप्त हो

अशोक भाटिया

हमारे देश में सामान वेतन अधिनियम वर्ष 1967 में लागू हुआ था, पांच दशक से भी अधिक बीत चुके हैं लेकिन महिलाओं की स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। अन्तराष्ट्रीय श्रम संगठन की वैश्विक मजदूरी रिपोर्ट (ग्लोबल वेज रिपोर्ट) के अनुसार महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा 33त्न कम वेतन पाती हैं। इसका मतलब हुआ महिलाओं को पुरुषों जितनी मजदूरी कमाने के लिए 4 महीने अतिरिक्त काम करना पड़ता है, या यूँ कहें की महिलाएं साल में 4 महीने मुफ्त में काम करती हैं, बिना किसी वेतन के। साथ ही महिलाओं की भागीदारी ऐसी नौकरियों में 60त्न है जहाँ मजदूरी कम मिलती है, वहीं सर्वोच्च मजदूरी मिलने वाली नौकरियों में उनकी संख्या मात्र 15त्न है। यदि इन आंकड़ों से हम सरकारीउच्च श्रेणी की नौकरियों और मनरेगा के तहत कानूनन मिलने वाले रोजगार को हटा दें तो लैंगिक वेतन के असमानता में अंतर और बढ़ जाता है।

काम के लैंगिक विभाजन ने काम को महिला प्रधान या पुरुष प्रधान रोजगारों में श्रेणीत कर यह सुनिश्चित किया है की यह स्थिति ऐसी ही बनी रहे। और इसीलिए यह आंकड़ा बिलकुल भी आश्चर्यचकित नहीं करता कि पुरुष प्रधान रोजगारों में वेतन महिला प्रधान रोजगारों से कहीं अधिक है। इसके लिए आम तौर पर दिया जाने वाला तर्क यह है की पुरुषों द्वारा किये जाने वाले काम अधिक कौशलपूर्ण होते हैं जबकि महिलाओं का काम अकुशल होता है। इस तर्क से वेतन में होने वाले भेद-भाव को तो सहारा मिल जाता है पर कुशलता में यह दोहरा पैमाना कैसे चला आ रहा है इस मुद्दे पर यह तर्क मार खा जाता है। महिलाओं को कौशल प्राप्त करने में क्या मुश्किलें आती हैं उसे यह तर्क पूरी तरह से अनदेखा कर देता है। यदि महिलाएं कौशल हासिल कर अच्छी नौकरियों में आ भी जाती हैं तो जिस द्वेषपूर्ण तरीके से उनकी अनदेखी और विरोध किया जाता है भी उसे भी यह तर्क अनदेखा कर देता है। सामाजिक परिधि में द्वेषपूर्ण व्यवहार का डर ही महिलाओं को उनकी स्थिति से बांधे रखने के लिए काफी होता है और उन्हें आगे बढ़ कर कौशल हासिल करने से रोकता है। एक बेहद दुखद सच्चाई यह भी है की संगठित वर्ग के पुरुष मजदूरों ने भी काम के लैंगिक भेद के इस ढांचे को स्थापित करने और बनाये रखने में अपना पूरा योगदान दिया है। परिणामस्वरूप यूनियन भी ऐसे सामूहिक समझौते कर बैठती हैं जिनसे मजदूरी में लैंगिक अंतर बना रहे क्योंकि यूनियन के नेता और मालिक, दोनों ही मुख्यत: पुरुष होते हैं और 'कौशल' के इस सामाजिक मिथक के शिकार होते हैं। महिलाओं को मिलने वाला काम न सिर्फ अकुशल, असम्मानित और असुरक्षित होता है, साथ ही उन पर घर का काम करने की भी जिम्मेदारी होती जिसका कोई मजदूरी मूल्य नहीं होता। काम संरचना का पिछले कुछ दशकों में जिस प्रकार से पुनर्गठन हुआ है, उससे कई प्रकार के काम घरेलु रोजगार और स्वरोजगार के आयाम में धकेल दिए गए हैं जिससे कारण वे विनियमन के दायरे से बहार आ गए हैं। इस पुनर्गठन के कारण मजदूरों पर नियंत्रण करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इस नई नियंत्रण प्रक्रिया में मजदूरों का नियंत्रण परोक्ष रूप से, अत्यंत दमनकारी उत्पादन परिस्थितियों से किया जाता है जो मजदूरों को स्वयं को शोषित करने की तरफ धकेलता है। जहाँ मालिक काम को छोटे अंशों में परत दर परत ठेके पर सौंप कर मलाई उड़ा ले जाते हैं, वहीं ठेकेदारी के जंजाल में फंसे मजदूर खुद के लिए कानूनी संरक्षण जुटा पाने में भी स्वयं को असमर्थ पाते हैं। महिलाओं के लिए न्यायिक और लोक नीतियों द्वारा समानता के लिए प्रतिबद्ध सरकार, इस मुद्दे की भव्य विषमताओं से ही खुद को दरकिनार



कर लेती है। लोक नीतियों की विफलता और उनके अनुपालन में होने वाली ढील ही असमानता को बढ़ावा देती है। किशोरियां स्कूल जाना छोड़ देती हैं क्योंकि वहां शौचालय नहीं हैं। यहाँ तक की कई सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक बैंकों में भी महिला कर्मचारियों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं है। महिलाओं के लिए पुरुषों के समान जीवन जी सकने की जटिलताएं इतने मामूली स्तर से शुरू होती हैं, और जब अवसरों में ऐसी असमानता हो तो आगे चल कर वह परिणाम में असमानता का रूप ले ही लेती है। आज महिलाओं के सामने जो समस्याएं मुंह बाए खड़ी हैं वे सिर्फ कामकाज़ी जीवन तक सीमित नहीं हैं। महिलाओं के आय में असमानता का निवारण करने से न सिर्फ आर्थिक अंतर कम होगा बल्कि वर्तमान समाज में शक्ति के संतुलन का ताना-बाना बदलेगा जिससे महिलाओं की स्थिति न सिर्फ राजतंत्र में बल्कि घर पर भी बदलेगी। एक ऐसी दुनिया में जहाँ रंग, जाती और धर्म के आधार पर भेद-भाव, विदेशी भीती और स्त्री-द्वेष की घटनाओं में इजाफा हुआ है उसमें महिलाओं पर लैंगिक अत्याचार होने का खतरा बढ़ गया है।यह हमारी ऐतिहासिक और मौजूदा सच्चाई का दर्पण है। यह दर्शाता है की कैसे महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति अपने सहकर्मियों और यूनियनों की उपेक्षा का शिकार रही हैं जिससे यह भेद-भाव आज एक बड़ी समस्या का रूप ले चूका है। यह मौन रहने की उस संस्कृति का भी दर्पण है जो उग्रता, हिंसा और भेद-भाव को बिना किसी दंड या अपराध के बोध फलने-फूलने का मौका देता है। इस साल दुनिया भर के अलग-अलग रोजगारों में निहित, सभी आयु वर्ग की महिलाएं एक सफल अभियान के तहत कार्यस्थल पर होने वाले यौन शोषण के खिलाफ एकजुट हुईं। इस अभियान के तहत न सिर्फ इस मुद्दे पर लगी चुप्पी टूटी बल्कि महिलाओं को एक-दूसरे के अनुभवों से बल मिला की वे भी एकजुट हो शक्ति के शिखर पर बैठे लोगों के खिलाफ आवाज़ तेज़ कर सकती हैं। इस अभियान ने शक्ति की मौजूदा संरचना की जड़ें हिला दीं, जिसमें लोगों के मौन रहने के कारण दमनकारियों को महिलाओं के खिलाफ अत्याचार दोहराते रहने का बल मिलता है।वर्तमान शोषक सामाजिक व्यवस्था और शक्ति संरचनाओं के विरोध में महिलाओं की अभिव्यक्ति को हम ट्रेड यूनियनों ने भी जरूरी तरजीह नहीं दी है। वक़्त आ गया है की हम न सिर्फ इस बात का संज्ञान लें की महिलाओं पर आए दिन कितना शोषण होता है बल्कि उसके खिलाफ खड़े हों और उस व्यवस्था को बदलें जो महिलाओं के दमन को बढ़ावा देती है, साथ ही ऐसी व्यवस्था का निर्माण करें जिससे हम अपने संगठन और उसके बाहर इस दमन को जड़ से ख़त्म कर सकें। वक़्त आ गया है की हम प्रण करें की हम महिलाओं के खिलाफ अत्याचार नहीं सहेंगे। यह बदलाव का समय है। यह हमारे भी बदलने की घड़ी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# ईसरदा पेयजल परियोजना विस्थापितों की 31 को निकलेगी लॉटरी, डूब क्षेत्र में आये 6 गांवों के परिवारों के पुनर्वास के लिए निकाली जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** ईसरदा पेयजल परियोजना के डूब क्षेत्र में आए आधा दर्जन विस्थापित गांवों के परिवारों के पुनर्वास के लिए 31 जुलाई को भूखंड आवंटन लॉटरी निकाली जाएगी। यह लॉटरी ईसरदा पेयजल परियोजना के डूब क्षेत्र में आए बनेठा, चौकड़ी, ईसरदा, रायपुर, सोलपुर, करीरिया एवं अरनिया केदार के विस्थापित परिवारों को पुनर्वास के लिए निकाली जाएगी। एडीएम (पुनर्वास) एवं बीसलपुर परियोजना के भूमि अवाप्ति अधिकारी हरिताभ आदित्य ने बताया कि भूखंड आवंटन लॉटरी प्रक्रिया 31 जुलाई को सुबह 10 से 5 बजे तक ईसरदा पेयजल परियोजना के बनेठा स्थित कार्यालय में की जाएगी। इसमें 24 जुलाई तक प्राप्त भूखंड आवंटन आवेदन प्रार्थना पत्रों को ही शामिल किया जाएगा। भूखंड आवेदकों की अंतिम सूची 26 जुलाई को संबंधित ग्रामों के सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा की जाएगी।

# वैन की टक्कर से मां-बेटा गंभीर घायल नाले में जा गिरी कार, एनएच-52 पर सरोली मोड़ पर हुआ हादसा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** टोंक जिले में एनएच-52 पर सरोली मोड पर शनिवार को सड़क हादसे में मां-बेटा घायल हो गए। मां-बेटे बाइक पर सवार होकर जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में एक वैन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से वैन भी पलट कर नाले में जा गिरी। इधर घायल मां-बेटे को लोगों ने दूनी अस्पताल पहुंचाया। जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में वैन सवार 6 लोग बच गए, इनमे से किसी को बड़ी चोट नहीं आई। वैन सवार ये सभी लोग मध्यप्रदेश से खाटूश्याम जी दर्शन करने जा रहे थे। इससे पहले ये हादसा हो गया। सरोली मोड़ चौकी प्रभारी रामसहाय सैनी ने बताया कि मध्यप्रदेश के होशंगाबाद धरमकडी शिवानी मालवा थाना क्षेत्र के नर्मदाप्रसाद (42) पुत्र प्रकाश गौड, उसकी पत्नी शीतल गौड (32), कुमारी वैष्णवी गौड (10), राम गौड (13), बीबस मानसी पुत्री चिरंजीलाल, विक्रम पुत्र रमेश चंद मध्य प्रदेश के होशंगाबाद से वैन में सवार होकर खाटूश्यामजी के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान टोंक-देवली राजमार्ग के सरोली मोड़ चौराहे पर शनिवार को दोपहर 12 बजे इनकी वैन ने सड़क किनारे बाइक के टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार सीता देवी (45) पत्नी पप्पू नाथ और उसका बेटा रवि (16) पुत्र पप्पू गंभीर रूप से घायल हो गए।

# अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील की आम सभा आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा तहसील सभा निवाई की आम सभा का आयोजन किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष नारायणलाल भूरटिया बताया कि आमसभा में पंचम आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की शेष बची राशि का समाज के विकास कार्यों में सदुपयोग के लिए विचार विमर्श किया जाएगा।

# श्री निरंजनी अद्वैत आश्रम भांवती पर गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** गांव भावती के श्री निरंजन अद्वैत आश्रम में संत जगदीश महाराज के सानिध्य में रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव में आस-पास अनुयायियों सहित अन्य शहरों के गुरु भक्त आश्रम पर गुरू पूजा करेंगे। श्रद्धालु सुदामा चौधरी भावती ने बताया कि आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर सुबह 9ः15 बजे से श्री गुरु चरण पूजन एवं पुष्प दर्शन का दौर चलेगा उसके बाद 11 बजे से शाम 4 बजे तक सत्संग चलेगा। शाम 5 बजे से गुरु महाराज जी के आशीर्वाद लेकर पंगत प्रसादी करवाई जाएगी।

# श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में पूरे श्रावण मास होगा अखण्ड सहस्त्र घट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री गौरीशंकर महादेव मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे सावन मास में अखण्ड सहस्त्र घट का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति के सुरेंद्र दाधीच नला व ओमप्रकाश विजय ने बताया कि श्री गौरीशंकर महादेव मन्दिर में सम्पूर्ण श्रावण मास सहस्त्र घट का आयोजन किया जाएगा जिसका शुभारंभ 22 जुलाई से होगा। उन्होंने बताया कि सहस्त्र घट की बुकिंग के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह है। श्रावण मास में शुरू होने वाले सहस्त्र घट की दिवस वार बुकिंग हो चुकी है। कुछ ही दिवस शेष रहे हैं।

# भाजपा जिला कार्यसमिति बैठक में राजनीतिक प्रस्ताव तैयार, संगठन को लेकर हुई चर्चा, कई निर्णय लिए गए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** सवाई माधोपुर में चौथ का बरवाड़ा कस्बे में स्थित चौथ माता ट्रस्ट धर्मशाला में शनिवार को भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। इसमें जिला एवं प्रदेश के पदाधिकारियों ने भाग लिया। साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। जिसके तहत भाजपा द्वारा तैयार किए गए राजनीतिक प्रस्ताव को अनुमोदित करवाया गया। कार्यसमिति की बैठक में संगठन को लेकर चर्चा की गई तथा पार्टी को मजबूत करने के लिए विभिन्न निर्णय लिए गए। बैठक की शुरुआत भाजपा के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माला पहनाकर की गई। इस दौरान सबसे पहले भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित ने कार्य समिति की रूपरेखा के बारे में कार्यकर्ताओं को समझाया। साथ ही कहा कि कार्यसमिति की बैठक इसलिए की जाती है कि प्रदेश स्तर की जो बातें हैं। साथ ही जो निर्णय प्रदेश कार्यसमिति में लिए गए हैं। उनको आम कार्यकर्ता तक पहुंचा जा सके। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जितेंद्र गोठवाल ने बजट में क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं की जानकारी लोगों को दी। साथ ही क्षेत्र का विकास किए जाने का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड होती है। इस दौरान पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव हमने राष्ट्र के नाम पर लड़ा था, लेकिन कार्यकर्ताओं की उदासीनता एवं कुछ गलतियों के कारण हम चुनाव हार गए। कार्यकर्ता को पार्टी के लिए खड़ा होना पड़ेगा और पार्टी को कार्यकर्ता की बात सुननी होगी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चंद जैन ने राजनीतिक प्रस्ताव पढ़कर सुनाया। इस दौरान बामनवास प्रधान शशि कला, खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी, बौंली प्रधान कृष्ण पोसवाल, गंगापुर सिटी प्रधान मंजू गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष बजरंग लाल जाट, संगठन प्रभारी प्रवीण शर्मा आदि ने कार्यसमिति को संबोधित किया।

# ज्योतिषाचार्य शास्त्री को यागिक सम्राट अवार्ड से किया सम्मानित





बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** श्री बद्री विशाल ज्योतिष शोध संस्थान एवं एस्ट्रोलाइट स्प्रच्युअल राजस्थान एकेडमी जयपुर के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय महासेमिनार में ज्योतिषाचार्य जगदीश नारायण शास्त्री को निशुल्क 151 यज्ञ करवाने पर यागिक सम्राट अवार्ड से सम्मानित किया गया। आसरा ग्रुप जयपुर के द्वारा आयोजित ज्योतिष एवं हस्तरेखा सेमिनार में मुख्य अतिथि स्टार एंजेल फाउंडेशन के संस्थापक आचार्य डॉ मनोज कुमार गुप्ता एवं आसरा ग्रुप के संरक्षक आचार्य संरक्षक केके ओझा एवं मुख्य वक्ता आचार्य राकेश सोनी, पंडित विष्णु लाल शर्मा, बाबूलाल शास्त्री, डॉ. दीपक जोशी और एस्ट्रोलॉजर योगेश दत्त ओझा ने सनातन धर्म के साथ-साथ पितृदोष, वास्तु दोष आदि अलग-अलग विषयों पर अपना अपना व्यक्तित्व दिया। सेमिनार में निशुल्क परामर्श शिविर भी की रखा गया।

सेमिनार में दीपक कुमार कसेरा, एस्ट्रोलॉजर पंडित यशपाल शर्मा, डॉ. पवन सागर शर्मा, संतोष शर्मा, रमा शर्मा, अशोक कुमार त्रिखा, राजेंद्र कुमार सक्सेना, मनोज दीक्षित, बालकिशन शर्मा, सहित अलग-अलग राज्य से आए विद्वान एवं एस्ट्रोलॉजरो ने ज्योतिष एवं हस्तरेखा का निशुल्क परामर्श देखकर उपाय बताएं।

# गुरु पूर्णिमा आज, शिष्य पूजा कर गुरु का लेंगे आशीर्वाद

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** गुरु-शिष्य का पर्व गुरु पूर्णिमा 21 जुलाई को मनाया जाएगा। इस दिन शिष्य अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेंगे। उनके चरणों में भेंट आदि अर्पित करते हैं। गुरु पूर्णिमा अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है। यह पर्व आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को हर वर्ष उत्साह व परंपरागत रूप से मनाया जाता है। इसे लेकर शिष्यों ने भी तैयारियां पूरी कर ली है। महिला श्रद्धालु शांति प्रजापत ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भक्तों का गुरु के पास जाना संभव नहीं हो तो घर पर एक साफ वेदी या पवित्र स्थान तैयार करे और अपने गुरु की तस्वीर या मूर्ति रखे और फूल-फल मिठाई या अन्य वस्तुएं भेंट करनी चाहिए। गुरु के प्रति अपना श्रद्धाभाव व्यक्त कर उनसे समर्पित भाव से आशीर्वाद मांगे। महिला श्रद्धालु पूजा पारीक ने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार गुरु पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म दिवस माना जाता है। उनके सम्मान में इस दिन को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी और इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा। राजेंद्र विजय ने बताया कि गुरु पूर्णिमा ज्ञान, शिक्षा और उन पूजनीय गुरुओं के शास्वत महत्व को याद दिलाती है, जो निस्वार्थ भाव से अपना ज्ञान दुनिया के साथ साझा करते हैं। भक्त गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु को याद करते हैं। सामर्थ्य व श्रद्धापूर्वक उन्हें विभिन्न प्रकार की भेंट देकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। ज्योतिषाचार्य जगदीश नारायण शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि की शुरुआत इस बार 20 जुलाई की शाम को पांच बजकर उनसठ मिनट से शुरू होगी और अगले दिन 21 जुलाई को अपराह्न 3.46 मिनिट पर समापन होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का महत्व है। ऐसे में गुरु पूर्णिमा 21 को ही मनाई जाएगी।

# बरसात की कामना को लेकर भक्तामर अनुष्ठान किया



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव पहाड़ी मोड पर एल एम इण्डस्ट्रीज परिसर में बरसात की कामना को लेकर मुनि अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में हवन यज्ञ किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तामर अनुष्ठान में भाग लिया। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं विमल जौंला ने बताया कि जैन संत अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित बरसात की कामना एवं विश्व में शांति की कामना को लेकर भक्तामर अनुष्ठान किया गया। उन्होंने बताया कि भक्तामर अनुष्ठान में मंगल कलश स्थापना करने का सौभाग्य मूलचंद, त्रिलोक चंद, लाड़ देवी, अनिता जैन, रेशु जैन, शेफाली जैन व टीना जैन ने किया। राकेश संघी ने बताया कि श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना करके विश्व शांति महायज्ञ में पूजार्थियों ने हवन कुण्डों में आहुतियां दी।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय बनवारीलाल बैरवा की श्रद्धांजलि सभा कल

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय बनवारीलाल बैरवा की पुण्यतिथि पर सोमवार को डाक बंगला निवाई में सुबह 10 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कांग्रेस नेता भागचन्द बैरवा ने दी है।

# चातुर्मास 2024 का शुभारंभ आज से

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा निवाई में जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ के सानिध्य में आयोजित मंगल कलश स्थापना समारोह एवं चातुर्मास 2024 का ध्वजारोहण रविवार को अग्रवाल जैन मंदिर में कई धार्मिक अनुष्ठरनों के साथ आयोजित किया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि चातुर्मास का ध्वजारोहण दिनेश जैन, मुकेश जैन, हेमा जैन बनेठा द्वारा किया जाएगा। चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष सुनील भाणजा ने बताया कि समारोह को लेकर दोपहर में चातुर्मास मंगल कलश स्थापना की जाएगी।

# बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.)।** बैंक ऑफ बड़ौदा चित्तौड़गढ़ की सभी शाखाओं की तरफ से बैंक का 117 वा स्थापना दिवस मनाया गया जिसमे बैंक के सभी स्टाफ एवम पूर्व स्टाफ सदस्यों के द्वारा देवनारायण मंदिर, सेंथी में पौधारोपण किया गया। प्रातः वाहन रेली व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, बैंक ने एटीबीएफ संस्था संस्थापक सुनील ढिलीवाल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 80 ब्लड यूनिट एकत्रित की गई बैंक के द्वारा रक्तदाताओ को पौधे भेट किया गये।

# विद्युत तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली राजस्व वसूली के लक्ष्य प्राप्त करने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अधीक्षण अभियंता जयपुर डिस्कॉम के युवराज आसीवाल ने शनिवार को सहायक अभियंता अ प्रथम तथा द्वितीय के समस्त तकनीकी कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली। बैठक में तकनीकी कर्मचारियों को से राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करनेए बकाया राशि वसूलने व बंद मीटरों को बदलने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने निगम द्वारा चलाई जा रही एमनेस्टी स्कीम का लाभ 31 जुलाई तक लेने तथा पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना में लोगों को जोडने हेतु विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को योजनाओं संबंधित जानकारी देने के लिए कहा। उन्होंने सभी कर्मियों को कार्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतने करने के निर्देश दिए। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पीएम सूर्य घर निशुल्क बिजली योजना का लाभ लेने के लिए निर्देश दिया। बैठक में अधिशाषी अभियंता खंड नंदकिशोर खींची, सहायक अभियंता कैलाशचंद माली, धनराज टाटावत, कनिष्ठ अभियंता, तकनीकी कर्मचारी, लेखा अधिकारी टोंक सहित कई कई कार्मिक मौजूद थे।

# कृषि उपज मंडी के स्थापना दिवस को लेकर अनेक क्रिकेट मैच हुए, पहला मैच महावीर क्लब तथा दूसरा मैच भगत सिंह क्लब ने जीता, फाइनल मैच होगा आज

बढ़ता राजस्थान




**निवाई (का.स.)।** कृषि उपज मंडी के स्थापना दिवस के तीन दिवसीय आयोजन के दूसरे दिन मंडी परिसर में अनेक क्रिकेट मैच हुए। मंडी के राहुल बोहरा ने बताया कि आयोजन के तहत शुक्रवार की शाम श्रीराम क्लब व कल्याण क्लब के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इस मैच में कल्याण क्लब ने जीत हासिल की। इसी प्रकार शनिवार की सुबह दो मैच हुए। उन्होंने बताया कि पहला मैच महावीर क्लब व जय जवान जय किसान क्लब के बीच खेला गया जिसमें महावीर ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार दूसरा मैच भगतसिंह क्लब व महाराणा प्रताप क्लब के बीच खेला गया। जिसमें भगतसिंह क्लब विजेता रहा। इसी के साथ भगतसिंह क्लब ने फाइनल में जगह बनाई। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच रविवार की सुबह खेला जाएगा। इस अवसर पर कपिल खंडेलवाल, आदित्य कटारिया, राकेश पहाड़ी, सुनील अग्रवाल, अंकुश जैन, पवन चंवरिया, कमल पहाड़ी, शिवकुमार, उत्सव जैन, अमित जैन व आर्यन टोडवाल सहित कई व्यापारी मौजूद थे।

# ऑनलाइन ठगी का 1 आरोपी गिरफ्तार

## एक किशोर को किया निरूद्ध, 3 मोबाइल और कार भी की जब्त

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (नि.स.)।** सवाई माधोपुर की बौंली थाना पुलिस ने शुक्रवार को साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस के साथ एक किशोर को भी निरुद्ध किया है। पुलिस ने इनसे 3 मोबाइल व एक कार भी बरामद की है। इस कार्रवाई को एसआई धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने बौंली के खरीला बांध पर अंजाम दिया। एसआई धर्मपाल ने बताया कि थाने पर साइबर ठगी को लेकर 2 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। जिसके तहत कार्रवाई करते हुए खरीला बांध पर आरोपी चंदन पुत्र श्योदान मीणा निवासी दुब्बी बनास को गिरफ्तार किया। वहीं उसके साथ एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया गया। दोनों के पास तीन मोबाइल मिले तीनों मोबाइलों की प्राथमिक जांच में सोशल मीडिया के व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम व टेलीग्राम पर ऑनलाइन बैंकिंग, ट्रेडिंग मार्केट, वन स्टेप ट्रेडिंग जैसे कई ग्रुप उनके द्वारा बनाए गए थे। जिन पर 6000 से अधिक सब्सक्राइबर थे।

**पैसे डबल करने का झांसा देकर बनाते शिकार :** आरोपी पैसे डबल करने व टिप्स देकर ऑनलाइन फ्रॉडिंग करते थे। प्राथमिक जांच में लगभग 80 हजार की ठगी सामने आ चुकी है। बहरहाल तीनों मोबाइलों की जांच साइबर टीम द्वारा की जा रही है।

जिसमें अन्य खुलासे हो सकते हैं। एसएचओ अवतार सिंह के मुताबिक ऑनलाइन फ्रॉडिंग प्रकरण को लेकर मिल रही शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई अंजाम दी जाएगी। साथ ही क्षेत्र में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉडिंग के मामलों पर लगाम लगाई जाएगी।

# चातुर्मास 2024 के तहत गुंसी में होंगे कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुंसी।** सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में चातुर्मास 2024 के तहत कई धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में चातुर्मास 2024 कार्यक्रम को लेकर चातुर्मास ध्वजारोहण, मंगल कलश स्थापना, गुरु पूर्णिमा महोत्सव, वीर शासन जयन्ती, पर्युषण महापर्व, अष्टान्हिका महापर्व, रोठ तीज, धूप सुगंध दशमी, क्षमावाणी पर्व, पिच्छिका परिवर्तन समारोह व चातुर्मास निष्ठापन सहित कई कार्यक्रम आयोजित होंगे।

# युवक ने फांसी के फंदे से झूलकर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जमात में स्थित दादू विहार कॉलोनी में एक युवक ने शनिवार की सुबह पंखे के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि शनिवार को राजेंद्र चौधरी पुत्र हरजीलाल चौधरी उम्र 30 वर्ष निवासी नवरंगपुरा हाल निवासी दादू विहार कॉलोनी ने अपने घर पर पंखे के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्ट मार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक राजेन्द्र मानसिक रोगी था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है : शंकर लाल जाट




बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पराना मे मुख्य अतिथि शंकरलाल जाट के सानिध्य में पौधारोपण किया। प्रधानाचार्य शंकरलाल जाट ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पौधारोपण की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होने बताया कि वृक्ष है तो जीवन है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधारोपण करने की शपथ दिलवाई। इस अवसर पर राजेंद्र मीणा, रामप्रसाद जाट, रामावतार जाट, गजानन मीणा, ओमप्रकाश महावर, शिवराज शर्मा, प्रिया शर्मा, सविता सोनी, रश्मि विजय, बीना मीणा, सुनील वर्मा, कजोड़मल बैरवा व विजय डंगौरिया सहित कई छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद थे।

# बाड़ी शहर में महिलाएं नहीं सुरक्षित, श्रद्धालु महिला के बाद घरेलू बुजुर्ग महिला पर हमला

## फरसा कॉलोनी में दो नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुस की मारपीट, चिल्लाने पर बची जान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में दिनदहाड़े एक बुजुर्ग महिला के साथ घर मे घुसकर मारपीट की घटना का मामला सामने आया है। दो नकाबपोश बदमाश महिला को घर में अकेली देख अंदर घुसे। ओर उसे अंदर धकेलने लगे और उसके गाल पर थप्पड़ मार दिया। जिससे महिला गिरी तो बाएं हाथ में चोट आ गई। इस दौरान जब महिला पर बदमाश हावी होने लगे तो उसने चीखना शुरू कर दिया। इससे बदमाशों के हाथ-पैर फूल गए और वह भागने लगे। इस पर महिला उठी और बदमाशों के पीछे दरवाजे तक भागती हुई आई। इस दौरान आस पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए लेकिन बदमाशों को पकड़ नहीं जा सका ना ही उनका कोई सुराग हाथ लगा है।

जानकारी के अनुसार शहर की फरसा कॉलोनी बटवाल पाड़ा निवासी बुजुर्ग 70 वर्षीय महिला मिथिलेश पत्नी स्वर्गीय सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि वह घर पर अकेली रहती है। घटना करीब 11 से 12 बजे के बीच की है। महिला अपने घर पर रसोई में खाना बना रही थी। घर का दरवाजा रोज की तरह खुला हुआ था। इस दौरान दो नकाबपोश बदमाश घर के अंदर घुसे और रसोई तक आ गए। उन्होंने आते ही महिला से कहा कि तुमने जो मुकदमा किया है उसे वापस ले ले अन्यथा तुझे बुरा परिणाम भुगतना होगा। इस पर महिला रसोई से निकली और कहने लगी मैंने कोई मुकदमा नहीं किया। तुम कौन हो,पहले बाहर निकालो, बाहर बात करेंगे। इस पर उन्होंने महिला को भयभीत करने के लिए थप्पड़ मारे। जिससे वह गिर गई लेकिन महिला ने नरेश, नरेश चिल्लाते हुए चीखना शुरू कर दिया। इस पर बदमाश भाग गए। घटना के बाद आस पड़ोस के लोगों ने एकत्रित होकर इधर-उधर बदमाशों की तलाश भी की लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। महिला के घर मे और आसपास के क्षेत्र में कोई सीसीटीवी कैमरा नही होने से वारदात और आरोपी बदमाशो का पता नही लगा है। घटना को लेकर पीड़ित मिथिलेश पत्नी स्वर्गीय सत्यप्रकाश श्रीवास्तव निवासी बटवाल पाड़ा,फरसा कॉलोनी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



**छह दिन पूर्व भी हुई शहर में महिला से लूटपाट की घटना, आज तक नहीं लगा सुराग :** 6 दिन पूर्व 14 जुलाई को भी शहर में बाईपास पर मंदिर जा रही एक महिला के साथ नाम पता पूछने के बहाने दो बदमाशों द्वारा लूटपाट की घटना हुई है। जिसका मामला कोतवाली थाने में दर्ज कराया है।

पीड़ित महिला से आरोपी दो बदमाश भ्रम जाल में फंसाकर सारे सोने के गहने और मोबाइल सहित अन्य सामान को उतरवा कर ले गए। जिसका मामला पीड़ित सुनीता पत्नी डॉ सुभाष बंसल ने कोतवाली थाने में दर्ज कराया है। जिसमें अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# गजपुरा गांव में बिजली के टूटे तार से हुआ हादसा, दस वर्षीय बालक का कटा हाथ

## एक पखबाड़े बाद भी तबियत नासाज, अस्पताल में भर्ती, परिजनों का लापरवाही का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के गजपुरा गांव में एक पखवाड़े पूर्व बकरी चरा रहा एक 10 वर्षीय बालक को खेत में पड़े बिजली के टूटे तार के संपर्क में आने से घायल हुआ था। घायल बालक को गंभीर हालत के चलते बाड़ी से धौलपुर और धौलपुर से जयपुर रैफर किया गया था। जयपुर एसएमएस अस्पताल में बालक के एक हाथ को चिकित्सकों को मजबूरन काटना पड़ा। इसके बाद बालक को छुट्टी देकर वापस घर भेज दिया गया लेकिन उसकी तबीयत अभी भी नासाज बनी हुई है। ऐसे में बालक के परिजन उसे बाड़ी अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार देकर छुट्टी दी गई है। घटना को लेकर 10 वर्षीय बालक करण सिंह पुत्र रेनू सिंह गुर्जर की मां राखी ने बताया की 07 जुलाई को दिन में करण अपनी बकरी चराने खेत पर गया था। इस दौरान 11 केवी लाइन का तार टूटा पड़ा था। जिसके संपर्क में आने से करण बुरी तरह झुलस गया। उसे पहले परिजन बाड़ी लेकर आये। जहां से चिकित्सकों ने धौलपुर भेज दिया। धौलपुर से हालत गंभीर होने पर जयपुर एसएमएस अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने करण के दाएं हाथ को काट दिया क्योंकि वह पूरी तरह खराब हो चुका था। इसके दो दिन बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई लेकिन अभी भी करण की तबीयत सही नहीं है। उसे कभी चक्कर आते हैं तो कभी वह बेहोश हो जाता है। ऐसे में उसकी तबीयत खराब होने पर शुक्रवार की शाम अस्पताल में लाये थे। जहां पूरी रात उपचार के बाद आज शनिवार को छुट्टी दी गई।



### परिजनों का लापरवाही का आरोप

पीड़ित राखी पत्नी रेनू गुर्जर ने बताया कि उनके बच्चे को डिस्कॉम की लापरवाही से यह दर्दनाक हादसा झेलना पड़ रहा है। जिसको लेकर उन्होंने डिस्कॉम के अधिकारियों और पुलिस से शिकायत की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### इनका कहना है

अस्पताल की पीएमओ डॉ हरी किशन मंगल ने बताया कि एक बच्चा शिशु वार्ड में बेड पर लेटा हुआ था। जिसकी तबीयत खराब थी। यह बालक झुलसी हुई स्थिति में पूर्व में भी आया था। जिसे रेफर किया गया था। वर्तमान में भी बालक की स्थिति ठीक नहीं है । उसको सेप्टिक फैलने का खतरा है। ऐसे में उसके परिजनों को बाहर ले जाने की सलाह दी है।

## बैंक के 117 वे स्थापना दिवस पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम का आयोजन

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा पूरे देश मे 117000 वृक्ष लगाने की पहल की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** बैंक के 117 वे स्थापना दिवस पर शनिवार को बैंक द्वारा पूरे देश मे 117000 वृक्ष लगाने की पहल की गई इस के अंतर्गत बैंक ऑफ़ बड़ौदा क्षेत्रिय कार्यालय अलवर द्वारा प्रातः 6.30 am Green earth बाइक रैली का आयोजन किया और एसएमडी कन्या स्कूल एव विभिन्न उद्यानों में फलदारी वृक्ष और फूलो के पौधें लगाये गए और साथ ही पर्यावरण सुरक्षा के बारे में लोगो में जागरूकता दी गई और मां माधुरी ब्रज वारिस सेवा सदन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संध्या काल के भोजन का प्रबंध किया गया। शनिवार को क्षेत्रिय कार्यालय अलवर में हेल्थ चेकअप शिविर का भी आयोजन किया गया । जिसमें बैंक ऑफ बड़ौदा, अलवर क्षेत्र के सभी ग्राहकों के साथ समस्त स्टाफ का नि:शुल्क हेल्थ चेकअप करवाया और समस्त सेवानिवृत अधिकारियों के संग क्षेत्रिय कार्यालय परिसर में केक कटिंग और उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रमुख श्री जगदीश मेहरचंदनीजी जी एंव उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री महेन्द्र कुमार मीणा जी एव सभी कार्यालय स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे ।



# निमाज के नेशनल हाईवे 25 ए पर अतिक्रमण को लेकर दायर याचिका निस्तारित

## नेशनल हाईवे पर हो रखे पक्के निर्माण, यातायात में बंद रहा बांधा

बढ़ता राजस्थान

**निमाज, ( नि.स. )।** कस्बे के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 25 ए पर राजस्थान हाईकोर्ट ने जगह जगह हो रखे अतिक्रमण को लेकर दायर जनहित याचिका को निस्तारित करते हुए तहसीलदार जैतारण को निर्देश दिए हैं कि वो शिकायतकर्ता की शिकायत की जांच करें और अतिक्रमण है तो विधि सम्मत तीन माह में कार्रवाई कर अतिक्रमण मुक्त किया जाए।

मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव और न्यायाधीश एस. चंद्रशेखर की खंडपीठ के समक्ष गजेंद्र कुमावत की ओर से अधिवक्ता रिपुदमनसिंह राजपुरोहित ने याचिका पेश की गई है। याचिका में बताया गया कि ब्यावर जिले के जैतारण तहसील के निमाज कस्बे के नेशनल हाईवे संख्या 25 ए पर भैरू चौराहा से लेकर पुलिस चौकी तक मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण किया गया है।

जबकि यह राष्ट्रीय राजमार्ग है ऐसे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अतिक्रमण यातायात के मुक्त प्रवाह में बाधा बन रहा है। गत 2021 में मौके पर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार भी की गई थी जिसमें भी अतिक्रमण माना गया था लेकिन आज तक उसको लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

जिससे आए दिन पक्के निर्माण हो रहे है राजस्व विभाग की रिपोर्ट में भी अतिक्रमण माना गया है। इस पर कोर्ट ने याचिका को निस्तारित किया। याचिका में दिए गए कथनों और राजस्व अधिकारियों द्वारा तैयार की गई स्पॉट निरीक्षण रिपोर्ट की प्रति को ध्यान में रखते हुए इस स्तर पर तहसीलदार को निर्देश देकर इस याचिका का निपटारा करने के इच्छुक हैं। याचिकाकर्ता की शिकायत की जांच के लिए जैतारण जिला ब्यावर जिन व्यक्तियों पर अतिक्रमण करने का आरोप है उन पर ध्यान दिया जाए और उनकी बात सुनने और आवश्यकतानुसार उचित स्थल निरीक्षण करने के बाद तहसीलदार उचित आदेश पारित करें और यदि आवश्यक हो तो कार्रवाई करें। यह कार्य तीन माह की अवधि में पूरा किया जाए याचिका तदनुसार निस्तारित की जाती है।

# बिजली उपभोक्ताओं को फ्यूल चार्ज का करंट लगा मारना चाहती है डबल इंजन की सरकार : जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर/जयपुर ( का.स. )।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने प्रदेश की पर्ची वाली सरकार पर विद्युत फ्यूल चार्ज बढ़ाने पर निशाना साधते हुए कहा कि यह प्रदेश की जनता की जेब पर सुनियोजित तरीके से डाका डालने वाला चार्ज है।

जूली बोले दिल्ली दरबार के रिमोट कंट्रोल से चलने वाली प्रदेश की भाजपा की सरकार ने आर्थिक संकट के हालातो से जूझ रहे प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को फ्यूल चार्ज बढ़ाकर करारा झटका दिया है। जूली बोले प्रदेश की जनता को राहत देने की बात करने वाली सरकार जनता से राहत वापस लेने का काम कर रही है।उन्होंने कहा की गहलोत सरकार के समय में जो छूट प्रदेश की जनता को दी गई है उसे वापस से लागू कर दिया गया है। जूली बोले प्रदेश पहले से ही महंगाई के खिलाफ जंग लड़ रहा है ऐसे में बिजली के भारी बिल के करंट से जनता को जूझना पड़ेगा। जूली ने कहा कि राजस्थान में जनता को एक तरफ बिजली नहीं मिल रही है दूसरी तरफ भाजपा सरकार का यह फरमान राहत की जगह आफत बन गया है। जूली बोले भारतीय जनता पार्टी के राज में आसमां को छूती महंगाई ने देश व प्रदेश की जनता की कमर तोड़ कर रख दी है, भाजपा सरकार का यह फ्यूल चार्ज का आदेश कोढ़ में खाज का काम करेगा। जूली ने कहा कि आम आदमी का वर्तमान परिस्थितियों में घर चलाना मुश्किल हो गया है, ऐसे में सरकार रोज ऐसे ऐसे नए नियम लागू कर रही है जो राजस्थान की जनता का खून चूसने का काम करेंगे। जूली ने कहा कि उपभोक्ताओं के फ्यूल चार्ज लगने के बाद गड़बड़ाए मासिक गणित का मुद्दा सोमवार को विपक्ष सदन में जोरदार तरीके से रखेगा।



# खाना गर्म करते समय गैस की पाइप फटी 98 फीसदी झुलस गया व्यक्ति 32 साल का युवक, दूसरी जगह युवक 70 फीसदी जल गया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम के इकरोटिया गांव में खाना गर्म करते समय गैस की नली फट गई। जिससे 32 साल का युवक 98 फीसदी से अधिक झुलस गया। जिला जिला अस्पताल में इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार कोटकासिम थाना क्षेत्र अंतर्गत इकरोटियां गांव निवासी 32 वर्षीय संदीप शुक्रवार रात अपने घर गैस सिलेंडर पर खाना गर्म कर रहा था। तभी सिलेंडर की पाइपलाइन फट गई। संदीप करीब 98 पर्सेंट से अधिक झुलस गया। मतलब उसका करीब-करीब पूरा शरीर ही आग की चपेट में आ गया। जिसे पहले कोटकासिम उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद अलवर रैफर कर दिया। यहां इलाज जारी है और हालत भी नाजुक है।

### किराएदार 70 फीसदी झुलस गया

वही दूसरी ओर डीग जिले अंतर्गत भहज निवासी जीवन पुत्र बिससुराम 40 वर्ष चा बनाते समय करीब 70 फीसदी झुलस गया। अलवर के लिवारी गांव में किराए पर रहता है। वह सुबह करीब 5 बजे चाय बना रहा था। तब गैस लाइन लीक होने के चलते आग लग गई। जीवन गम्भीर रूप से झुलस गया। जिसका जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में इलाज जारी है। वह दो साल से अलवर में रह रहा है। यहां गैस सिलेंडर की डिलिवरी का काम करता है ।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में वृक्षारोपण कर मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** ज्ञानदीप पब्लिक सेकेंडरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। जिसमे बच्चों ने गुरुओं के मान सम्मान एवं महत्व के बारे में बताया संस्था प्रधान अजय गर्ग जी ने गुरुओं का महत्व बताकर विद्यार्थियों को नए सत्र में अधिक परिश्रम करके परीक्षाओं में अपना बेहतर परिणाम बनाने का आह्वान किया। इसी के चलते गुरु पूर्णिमा के साथ साथ इस दिन *पौधारोपण का आयोजन और ग्रीन डे भी मनाया* गया । जिसमे विभिन्न प्रकार के पेड़ पौधों का रोपण किया गया । *तुलसी, गुलाब, मोंगरा, छुईमुई इत्यादि पेड़ लगाए गए।* जिसमे कई बच्चे ग्रीन ड्रेस में आए। और उसी के साथ पौधारोपण का कार्यक्रम किया। बच्चों के अंदर इस प्रोग्राम में बहुत उत्साह था। छोटे-छोटे बच्चे पेड़ पौधा की वेशभूषा में आए और उन्होंने पेड़ बचाओ का संदेश दिया उन्होंने बताया कि एक पेड़ हजारों जिंदगी बचा सकता है इसलिए हमें पेड़ों को काटना नहीं चाहिए यदि हम किसी मजबूरी बस एक पेड़ काटते हैं तो उसके बदले में दूसरी जगह में 10 पेड़ लगाने चाहिए तभी इस प्रकृति का संतुलन बरकरार रहेगा। बच्चों में बहुत ही अच्छी सोच के साथ एक विचार प्रस्तुत किया। *एक पौधा गुरु के नाम। इस कार्यक्रम में ज्ञानदीप स्कूल का समस्त स्टाफ गौरव बंसल, छगन गर्ग, देवेंद्र गर्ग, देवेंद्र गौर, जितेंद्र , दिशानी गर्ग, प्रियंका, कुमकुम, जितेंद्र पाराशर, , खुशी यादव, खुशी शर्मा, अतर सिंह, नीतू, निशात जैदी, बबली गर्ग , रूबी, प्राची सिंघल , सोनाली सिंघल, इत्यादि उपस्थित रहे।

# बेमियादी अवकाश पर जाएंगे मेडिकल टीचर

## राजमेस में राज्य सेवा नियमों को शामिल ना किए जाने से हैं नाराज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजमेस में राज्य सेवा नियमों को शामिल ना किए जाने से नाराज धौलपुर मेडिकल कॉलेज के सभी टीचर बेमियादी अवकाश पर जाएंगे। शुक्रवार को 22 जुलाई से बेमियादी अवकाश पर जाने की घोषणा करते हुए सभी मेडिकल टीचर ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा है। प्रिंसिपल को दिए गए ज्ञापन में डॉक्टर्स ने बताया है कि बजट सत्र में की गई घोषणा के बाद सभी डॉक्टर मेडिकल टीचर के पद पर अपने बेहतर और सुरक्षित भविष्य को लेकर आश्वस्त थे। ज्ञापन में बताया गया है कि वित्त विभाग व राजमेस में राज्य सेवा नियमों को वर्तमान में कार्यरत मेडिकल टीचर पर लागू ना करके 1 अगस्त 2024 के बाद नियुक्त होने वाले मेडिकल टीचर पर लागू करने का निर्णय किया गया है। जिसके साथ वर्तमान में कार्यरत मेडिकल टीचर को डाईग कैडर घोषित करने का निर्णय लिया गया हैं। जिससे वर्तमान मेडिकल टीचर का भविष्य अंधकार की ओर जा रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को दिए गए ज्ञापन में डॉक्टर्स ने बताया है कि राजमेस और वित्त विभाग द्वारा बदनियति से लिए गए निर्णय से सभी मेडिकल टीचर आहत हैं।



# डॉ. समरवीर सिकरवार बने अस्पताल के नए पीएमओ : पदभार किया ग्रहण, नर्सिंगकर्मियों ने किया गर्म जोशी से स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार रात को एक आदेश जारी कर डॉक्टर समरवीर सिंह सिकरवार को जिला अस्पताल का नया पीएमओ नियुक्त किया है। स्वास्थ्य विभाग के आदेशों के बाद शुक्रवार सुबह नवनियुक्त पीएमओ डॉक्टर समरवीर सिंह सिकरवार ने पदभार ग्रहण किया। पुराने अस्पताल परिसर में नर्सिंग कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।



जिला अस्पताल में पीएमओ का पदभार ग्रहण करने के बाद डॉक्टर समरवीर सिंह सिकरवार ने बताया कि पुराने अस्पताल और नए अस्पताल की शिफ्टिंग के दौरान कई तरह की समस्या सामने आई हैं। नए अस्पताल के बन जाने के बाद भी शहर के लोग पुराने अस्पताल को चालू रखने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बेपटरी हुई अस्पताल की व्यवस्था को सुधारना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। जिससे शहर के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ मिले। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीएमओ का पद कांटों भरा है। जिस पर फूल खिलाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।लोकसभा चुनाव से पहले डॉक्टर समरवीर सिकरवार को हटाकर डॉ. विजय सिंह को जिला अस्पताल का पीएमओ बनाया गया था। इसके बाद एक बार फिर से स्वास्थ्य विभाग ने देर रात को आदेश जारी कर डॉक्टर समरवीर सिकरवार को फिर से जिला अस्पताल का पीएमओ बनाया है।

# शहर में निकल गया तीजा का जुलूस : बड़ी संख्या में देखने पहुंचे लोग, अखाड़ों ने दिखाए करतब

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर जिला मुख्यालय पर शुक्रवार रात शुरू हुआ तीन प्रांतों का मशहूर तीजा शनिवार सुबह 4 बजे तक निकाला गया। पैगम्बर हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके योद्धाओं की शहादत की याद में मनाए जाने वाले मोहर्रम के त्योहार के बाद शुक्रवार रात को तीजा निकाला गया। दशहरा रोड से शुरू हुए तीजे के जुलूस में अलम, बुराक और ताजिए शामिल रहे। तीजे को देखने के लिए बड़ी संख्या में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश से लोग धौलपुर पहुंचे।

मोहर्रम के तीन दिन बाद प्रतिवर्ष की तरह निकाले जाने वाला तीजा का जुलूस मोदी तिराहा से शुरू हुआ। जो दशहरा रोड, सराय गजरा, लाल बाजार, सब्जी मंडी होते हुए संतर रोड और वापस तलैया तक पहुंचा। जुलूस के खत्म होने के बाद मोहर्रम में बचे हुए ताजियों को कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

## नि:शुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन

# डिप्टी एसपी ने शिविर का फीता काटकर किया शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अलवर निम्स हॉस्पिटल शांतिकुंज में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया जहां यातायात पुलिस के पुलिस उपाधीक्षक संजय आर्य वैट और मुख्य अतिथि मौजूद रहे । इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील रस्तोगी वरिष्ठ फिजीशियन शिशु रोग विशेषज्ञ ने उन्हें पूरी हॉस्पिटल की विजिट कराई। इस दौरान डिप्टी एसपी संजय आर्य ने मेडिकल सेवाओ में अस्पताल की महती भूमिका पर आभार प्रकट किया ।इधर मुख्य अतिथि डिप्टी एसपी संजय आर्य ने खुद का मेडिकल चेकअप भी कराया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि निशुल्क मेडिकल सेवाएं सच में लोगों के लिए हर हॉस्पिटल की तरफ से जरूर होनी चाहिए असहाय व गरीब लोगों का उपचार इन मेडिकल कैंप के जरिए हो जाता है जहां निशुल्क परामर्श के साथ जांच और दवाइयां भी उन्हें उपलब्ध हो जाती है इस दौरान डॉक्टर अशोक महावर भी मौजूद रहे । अंत में डायरेक्टर डॉक्टर सुनील रस्तोगी ने मुख्यातिथि आर्य को इनडोर प्लांट भेंट किया।

# डीएलएड की काउंसलिंग शुरु हुई, 30 तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा ने प्रदेश में 376 डीएलएड कॉलेजों की करीब 26 हजार सीटों पर प्रवेश के लिए प्री डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन का आयोजन 30 जून को किया था। जिसके नतीजे 17 जुलाई को जारी कर दिए गए थे। इसके परिणाम के आधार पर इस बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट के लिए डीएलएड कॉलेज में प्रवेश की काउंसलिंग शुरू हो गई है। प्री डीएलएड के कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि गुप्ता के अनुसार कैंडिडेट काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन 30 जुलाई तक करवा सकेंगे। यह रजिस्ट्रेशन भी ऑनलाइन होंगे। जिसका रजिस्ट्रेशन शुल्क भी 3000 रुपए रखा गया है। ऑनलाइन काउंसलिंग के दौरान कॉलेज चुनने के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क अदा करना जरूरी है, जिसे ईमित्र, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट - डेबिट कार्ड और यूपीआई के जरिए जमा करा सकेंगें। रजिस्ट्रेशन के बाद 20 जुलाई से 30 जुलाई तक कैंडिडेट कॉलेज को चुन सकेगा। काउंसलिंग के दौरान पहले चरण का आवंटन 4 अगस्त 2024 को किया जाएगा। डीएलएड संस्थान में एडमिशन के लिए फीस भी 13,555 रुपए रखी गई है।यह भी ई मित्र, इंटरनेट बैंकिंग, क्रेडिट -डेबिट कार्ड और यूपीआई के जरिए जमा करा सकेंगें। यह फीस कॉलेज आवंटन के बाद 4 से 11 अगस्त तक की जा सकेगी। इसके बाद कॉलेज आवंटन और फीस जमा करवाने के बाद अभ्यर्थी को आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग देनी होगी. यह रिपोर्टिंग भी 5 से 12 अगस्त तक होगी। उसके बाद 14 से 16 अगस्त तक अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन करना होगा। यह महाविद्यालय में रिपोर्टिंग के बाद ही हो पाएगा। अपवर्ड मूवमेंट में कॉलेज आवंटन का परिणाम 19 अगस्त को जारी होगा। अपवर्ड मूवमेंट के बाद आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग 20 से 22 अगस्त के बीच करनी होगी।

# बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

## कोर्ट ने लिखा- समाज में भय व्याप्त करने वाला कृत्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** एक बुजुर्ग की हत्या के करीब 3 साल पुराने मामले में एससी-एसटी कोर्ट ने आरोपी राजू उर्फ राजेश, निवासी स्टॉक रोड मोड़क स्टेशन, थाना मोड़क को आजीवन कारावास की सजा व 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। आरोपी ने जानवर चराने के विवाद में 70 साल के प्रहलाद मीणा पर कुल्हाड़ी से गर्दन पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। फिर खुद थाने पहुंच गया। फैसले में कोर्ट ने टिप्पणी में लिखा, अभियुक्त का कृत्य नि: संदेह समाज में भय व्याप्त करने वाला है। लोक न्याय के विरुद्ध भी है। इस प्रकार के अपराधों में यदि नरमी का रूप अपनाया गया तो जन सामान्य की न्याय पर विश्वास व निष्ठा प्रभावित होगी। इस प्रकार के अपराधों की पुनरावृत्ति होगी। विशिष्ट लोक अभियोजक हितेश जैन के अनुसार फरियादी दशरथ मीणा ने 15 अप्रैल 2021 को मोड़क थाना पुलिस को शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि उसके पिता प्रहलाद मीणा भैंस चराने रेलवे ट्रैक की तरफ जाते थे। वहां राजू भी अपनी बकरियां चराने आता था। रेलवे ट्रैक की तरफ भैंस चराने की बात की लेकर राजू व पिता प्रहलाद मीणा के बीच पहले भी कहासुनी हुई थी। 15 अप्रैल की सुबह साढ़े 9 बजे पिता घर से भैंस चराने निकले थे। रास्ते मे राजीव गांधी स्कूल के पास राजू ने उन्हें रोक लिया। राजू के हाथ में कुल्हाड़ी थी। राजू ने कुल्हाड़ी से पिता के सिर व गर्दन पर वार कर दिया। गर्दन में चोट लगने से पिता प्रहलाद जमीन पर गिर गए और खून बहने लगा। उन्हें तुरन्त हॉस्पिटल लाए, जहां उनकी मौत हो गई। शिकायत पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से खून से सनी कुल्हाड़ी बरामद की। आरोपी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया।

# नाबालिग से रेप के आरोपी को 10 साल की जेल

## एक साल पुराने मामले में पॉक्सो कोर्ट का फैसला, सहयोगी को किया बरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** नाबालिग से रेप के करीब साल भर पुराने मामले में पॉक्सो कोर्ट क्रम- 3 ने आरोपी को सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी को 10 साल के कठोर कारवास की सजा और 8 हजार के अर्थदंड से दंडित किया है। सहयोगी दूसरे आरोपी को बरी किया गया है। आरोपी 15 साल की नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाकर जयपुर लेकर गया था। भांजे के कमरे पर रेप किया था। विशिष्ट लोक अभियोजक ललित कुमार शर्मा ने बताया- फरियादी ने 29 जुलाई 2023 को देवली मांझी थाने में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया कि उसकी बहन अपने पति व बेटे के साथ मजदूरी करने चली गई। 15 साल की बेटी को ननिहाल में छोड़ दिया। 29 जुलाई की दोपहर 4 बजे बाद से 15 साल की बेटी बिना बताए कहीं चली गई। फोन भी स्विच ऑफ हो गया। उसे आसपास सभी जगह ढूंढा लेकिन पता नहीं चला। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। करीब ढाई महीने बाद (अक्टूबर 2023) में पीड़िता को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया। कोर्ट में आरोपी कालू उर्फ महेंद्र निवासी प्रेमनगर प्रथम के खिलाफ चालान पेश किया गया। 14 गवाहों के बयान करवाए। कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई। सहयोग करने के आरोपी दुर्गाशंकर उर्फ बंटी को संदेह का लाभ देते हुए बरी किया गया।

# बस एसोशिएशन की बैठक आयोजित, सात बिन्दुओ पर हुई चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा करने के लिए कोटा बस एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक आर्यन कॉलेज के पीछे लोट्स फार्म पर आयोजित की गई। एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष नोशीन खान ने बताया कि बैठक में राष्ट्रीय कृत मार्गों पर 25 ह्मद्व के स्थान पर 35 ह्मद्व की छुट प्रधान करने, किराए मे 85 पैसे से बढ़ाकर पड़ोसी राज्यों की तरह बढ़ाकर 1.40 पैसे प्रति यात्री करने, महिलाओ के किराए मे 50 प्रतिशत की छूट देने, ऑल राजस्थान के परमिट का टैक्स यूपी, एमपी और अन्य पड़ोसी राज्यो की भाँति 200 रु पर सीट प्रतिमाह करने,नई बस प्रतिस्थापन करने पर 4 वर्ष का टैक्स माफ़ करने, जिससे सरकार को जीएसटी और जनता को प्रदूषण से मुक्ति मिल सके, लोक परिवहन सेवा के परमिट की अवधि पड़ोसी राज्यों के समान 10 वर्ष करने तथा कोटा शहर में बस स्टेंड की समस्या समाधान करने आदि कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। खान ने बताया कि अगर समय रहते हुएं इन मांगों पर सहमति नहीं बनी तो निकट सम्भाग में अपनी अपनी बसों को चक्का जाम करने के लिए फैसला लिया जायेगा। मीटिंग के बाद 'सहभोज' का आयोजन भी रखा गया।बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, एसोसिएशन के सम्भागीय महासचिव परवेज खान एवं यूनियन के करीब 35 पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे।

# साई बाबा की भव्य शोभायात्रा आज, हजारों साई भक्त करेंगे माइक्रो मेनेजमेंट

## साई बाबा, बाईजा मां और लक्ष्मी जी की जीवंत झाकियां रहेंगी आकर्षण की केन्द्र,चांदी की पालकी में नगर भ्रमण को निकलेंगे साई बाबा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** श्री शिरड़ी साई समिति गढ़ पैलेस द्वारा साई बाबा की भव्य शोभायात्रा रविवार को निकाली जाएगी जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पालकी निकालने से पूर्व भी कई आयोजन किए जाएंगे। जिसमें बाबा का पंचामृत अभिषेक होगा, मध्यांतर आरती होगी और उसके बाद दोपहर 3 बजे से बाबा की पालकी शुरू होगी।

गुरू पूर्णिमा महोत्सव के तहत चांदी की पालकी में विराजमान होकर श्री साई बाबा को शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। मंदिर पर विद्युत सज्जा और डेकोरेशन किया गया है।

साई भक्त योगेश पंचोली ने बताया कि इस बार मध्य प्रदेश के मंसूरी ढोल साई के दरबार में अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि 350 कार्यकर्ताओं की सूचीबद्ध टीम व्यवस्था संभालेगी व प्रसाद वितरण करेगी, इसके साथ ही यातायात समिति, प्रसाद विरतण समिति, जल समिति, मेडिकल टीम शोभायात्रा में व्यवस्था



संभालेंगे। चंद्रप्रकाश जेठी, हीरालाल रोहिडा ने बताया पालकी का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा। कई संस्थाओं और समाज द्वारा स्वागत द्वार लगाए जाएंगे, पुष्प वर्षा होगी, खाने के आइटम का प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम को भव्य रूप देते हुए सफल बनाए जाने के लिए श्री साई बाबा पालकी आयोजन समिति का गठन किया गया। भुवनेश गहलोत, हेमराज सोलंकी ने बताया कि बाबा के दरबार में 250 किलो खिचड़ी प्रसाद वितरण होगा। साई पालकी में जीवंत झाकियां व साई बाबा की पैदल झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

### हर भक्त के मन की मुराद होती है पूरी

ऐसा माना जाता है कि जो भी भक्त इस पालकी में शामिल होता है उसके मन की मुराद पुरी होती है, आपके मन में जो भी इच्छा हो वह धारण कर इस शोभायात्रा में शामिल होकर बाबा के दर्शन करें तो हर इच्छा पूर्ण होती है। ऐसे हजारों साई भक्त हैं जिनकी मन इच्छा साई बाबा पूरी करते हैं।

सतगुरु साई की पालकी में पधारने का आह्वान किया जा रहा है। साई बाबा की पालकी (भव्य शोभायात्रा) साई बाबा मंदिर से कैथूनीपोल, लालबर्ज, गांधी जी की पुल, श्री पुरा चौराहा, सब्जीमंडी चौराहा, मोहन टाकीज रोड, गुजराती समाज के सामने से गुमानपुरा चौराहे से इंद्रा गांधी प्रतिमा से वापस घूम कर सूरजपोल दरवाजा, राजदूत छात्रावास, कैथूनीपोल से होते हुए पुनः साई मंदिर पहुंचेगी। मंदिर पहुंचने के बाद महाआरती होगी व प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में साधु संतो की उपस्थिति में विशाल जुलूस का आयोजन

## आज दिनभर सांवलिया धाम मुंगाना में गुरु चरण पूजा होगी

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** प्रसिद्ध श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना में महंत चेतनदास महाराज द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रात:काल संतो की उपस्थिति में विशाल जुलूस का आयोजन किया गया।ग्रामवासियों द्वारा संतों की पूजा अर्चना की गई।साथ ही रविवार सुबह से दिनभर गुरु चरण पूजा होगी। यहां परंपरानुसार मुंगाना आश्रम में महंत चेतनदास महाराज के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा महोत्सव वर्षों से मनाया जा रहा है।जिसमें प्रदेश एवं कई प्रांतों के साधु संत यहां पहुंचकर भाग लेते हैं।इस मौके पर साधु संतों द्वारा गाजे-बाजे के साथ ठाकुर जी के बेवाण जुलूस आश्रम से निकाला जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर पुन: आश्रम पहुंचकर सम्पन्न हुआ।इसके बाद आश्रम में संतो को भोजन कराया तथा आश्रम की ओर से साधु संतो को भेंट प्रदान



कर विदा किया गया। इधर रविवार सुबह चार बजे से आश्रम परिसर में यज्ञ हवन शुरू होगा।श्री सांवलिया धाम आश्रम मुंगाना के महंत चेतनदास महाराज अपने ब्रह्मलीन गुरु संत श्री बिहारीदास महाराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर सुबह 7 बजे महंत गादी पर विराजित होंगे।आश्रम एवं ग्राम वासियों के सहयोग से लगभग तीस बोरी शक्कर की महाप्रसादी तैयार की जा रही हैं।

# विभाग ने पिंजरा लगाकर कैद किया पैंथर

## लंबे समय से मूवमेंट से पशुधन को पहुंचा रहा था नुकसानआखिरकार पिंजरे के की कैद में आया पैंथर

**सहायक वनपाल मंजू माली के नेतृत्व में हुई कार्रवाई**

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा ( नि.स. )।** रायपुर तहसील क्षेत्र की बागड़ ग्राम पंचायत के कारोल गांव में वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए आखिरकार पिछले कई माह से मूवमेंट कर रहे पैंथर को पिंजरे में कैद कर ही लिया।

सहायक वनपाल मंजू माली के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में ग्रामीणों द्वारा पैंथर के मूवमेंट



की सूचना मिली तो वन विभाग के अधिकारियों ने हरकत में आते हुए गांव में पिंजरा लगाया जिसके बाद देर रात पिंजरे में पैंथर को कैद कर लिया। वन विभाग की टीम ने पैंथर को उच्च अधिकारियों निर्देश पर बिजौलिया वन्य क्षेत्र में भिजवाया है। आपको बता दे की पैंथर के पिछले काफी समय से लगातार मूवमेंट के कारण पशुधन को काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा था और ग्रामीणों में भी दहशत व्याप्त थी।

# नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी को राष्ट्रीय मेला दशहरा समिति का अध्यक्ष बनने पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन जिला कोटा ने नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी को राष्ट्रीय मेला दशहरा के सर्वमान्य अध्यक्ष बनाए जाने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवम राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया है। प्रदेश महामंत्री एवं जिला अध्यक्ष राजेश मित्तल ने बताया कि राष्ट्रीय मेला दशहरा पूर्व समिति भंग कर राजस्थान सरकार ने नेता प्रतिपक्ष को राष्ट्रीय मेला दशहरा समिति के अध्यक्ष घोषित करने पर संगठन के पदाधिकारियों एवं अग्रवाल समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। खुशी जाहिर करते हुए समाज के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबिलास जैन, पूर्व प्रदेश युवा अध्यक्ष सुरेंद्र किरवाड़ा, संभाग प्रभारी एवम प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ आर के राजवंशी, जिला युवा अध्यक्ष मुकेश जैन, महिला अध्यक्षा गायत्री मित्तल, महामंत्री रीना मित्तल, व. उपाध्यक्ष अंजली गुप्ता, महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, महामंत्री हनुमान प्रसाद गुप्ता, महामंत्री महेश चंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष नारायण अग्रवाल गुड वाले, उपाध्यक्ष विष्णु बंसल, उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेंद्र गर्ग, सुरेश गर्ग राकेश बंसल, रमेश गुप्ता हाड़ौती, राधेश्याम बंसल, राजेंद्र गोयल, विनीत अग्रवाल, सुनील निमोदिया, अनिल अग्रवाल चूने वाले, बजरंग लाल अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, ललित एरन,कमल गर्ग, प्रमोद मंगल, युवा उपाध्यक्ष आशीष गोयल, युवा महामंत्री गौरव गर्ग, शिखा गुप्ता, राजेश्वरी गुप्ता, संतोष गुप्ता, रानी गर्ग, रीटा अग्रवाल, रनीश गोयल , मोहित , सुरेश, विष्णु अग्रवाल, सुरेन्द्र गोयल, प्रदीप अग्रवाल, धर्मेंद्र अग्रवाल, मनीष गुप्ता, सहित समाज के अग्र बंधुओ ने श्री विवेक राजवंशी को राष्ट्रीय मेला दशहरा समिति के अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी।

# जैन ग्लोबल युवा महासंघ के प्रदेश संयोजक पद पर मंडफिया के विपिन मांडोत का मनोनयन

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** जैन बन्धुओं के वैश्विक मंच श्री जैन धर्मसंघ-वैश्विक के अनुषांगिक संगठन जैन ग्लोबल युवा महासंघ' की उद्घोषणा की गई है।महासंघ के राजस्थान प्रदेश संयोजक पद सांवलियाजी मंडफिया के युवा विपिन माण्डोत का मनोनयन किया गया है। जिसमे अशोक बाबेल की अनुशंसा पर राष्ट्रीय संयोजक ललित बोथरा तथा संस्था संस्थापक एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रचारक मैत्रीदूत कमल कुमार जैन द्वारा मनोनयन किया गया।इस युवा महासंघ में प्रदेश-जिला संयोजक का मनोनयन किया जा रहा है। साथ ही महासंघ से जुड़ने के लिए किसी प्रकार का सदस्यता शुल्क नही है। नवम्बर 2024 के दिन समग्र जैन परम्परा के विश्वस्तरीय महाकुम्भ प्रथम वैश्विक जैन धर्म संसद का आयोजन जैन धर्म की सांस्कृतिक राजधानी उज्जैन नगरी में किया जा रहा है।

# राजस्थान पुलिस सेवा नियम में ओबीसी के लिए आयु सीमा में 5 साल की छूट का प्रावधान यथावत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस सेवा नियम में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 5 वर्ष की छूट यथावत है। अधिसूचना जारी करते समय 5 वर्ष की छूट का प्रावधान भूलवश दो स्थानों पर अंकित हो जाने पर इसे संशोधित कर एक स्थान से हटाया गया है। इससे राजस्थान पुलिस सेवा नियमों में ओबीसी के लिए आयु की छूट पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना 13 नम्बर 1996 द्वारा राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में ओ.बी.सी वर्ग को ऊपरी आयु सीमा में प्रथम बार दो वर्ष की छुट प्रदान की गई थी। इस के पश्चात अधिसूचना 25 मई 2000 द्वारा आयु सीमा में 05 वर्ष की अभिवृद्धि का प्रावधान जोड़ा गया था। उन्होंने बताया कि 16 अप्रेल 2021 को अधिसूचना जारी कर विविध सेवा नियमों में संशोधन के समान ही राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में भी ओ.बी.सी. वर्ग हेतु बी.सी. अंकित कर ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट का प्रावधान जोड दिया गया। परन्तु अधिसूचना जारी करते समय ओ.बी.सी. वर्ग के लिए ऊपरी आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट का प्रावधान नियम 11 (1) के परंतुक एवं परन्तुक दोनों में विद्यमान रह गया। संयुक्त शासन सचिव ने बताया कि परन्तुक को विलोपित किये जाने के लिए राजस्थान पुलिस सेवा नियम, 1954 में संशोधन किया गया है।

# उपखंड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में आयोजित रात्रि चौपाल में अधिकारियों ने सुनी जनता की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनाकियाकलां में उपखंड अधिकारी कपासन की अध्यक्षता में शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।जिसमे उपखंड स्तरीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा आमजन के अभाव अभियोग सुनकर त्वरित राहत प्रदान की गयी। जानकारी अनुसार उपखंड क्षेत्र कपासन की ग्राम पंचायत बनाकियाकलां में उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे समस्त कपासन उपखंड स्तरीय अधिकारी एवं पंचायत स्तरीय कार्मिकगण उपस्थित रहे। इस



दौरान रात्रि चौपाल में उपस्थित क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा आमजन को समस्याओं को सुना गया। साथ ही आमजन को नियमानुसार त्वरित राहत प्रदान करने के प्रयास किए गये। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन बामनिया, विकास अधिकारी मुकेश पोरवाल,मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. राम सिंह चुंडावत,सहायक अभियंता बिजली विभाग मुनीश कावंत,कनिष्ठ अभियंता लोक निर्माण विभाग जलदाय विभाग बंटी प्रजापत,सहायक कृषि अधिकारी ब्लॉक सांख्यिकी अधिकारी उर्मिला शर्मा,सीडीपीओ रजनी जैन सहित जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जेसीआई कोटा ऐलेगेन्स ने किया राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम 'जोन ट्रेनिग वर्कशॉप' का आयोजन

## जेसीआई ईंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रिंकेश शर्मा के द्वारा हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जेसीआई कोटा एलेगेंस के मेजबानी में 4 दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम 'जोन ट्रेनिग वर्कशॉप 2024' का आयोजन बूंदी रोड स्थित होटल क्लार्क पिरियम कुन्हाड़ी में किया गया। जेसीआई ईंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रिंकेश शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें 30 प्रतिभागी अलग-अलग शहरों से शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विभोर लोधा ने की। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. टी रवि कुमार और सह प्रशिक्षक डॉ. संजीव तायल एवं गौतम सिकरी है, जो प्रतिभागियों को कुशल ट्रेनर बनने का प्रशिक्षण देंगे, जिससे भविष्य में वह कापोरेट व मोटिवेशनल ट्रेनिगं ले सकेंगे। अध्यक्ष समता जैन और सचिव दीपमाला जोशी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थानी परम्पराओं के अनुसार की गई जिसमें अतिथियों का साफा पहनाकर व दुपट्टा पहनकर स्वागत सम्मान किया गया। संस्थापक डॉ. मेघना शेखावत ने बताया कि इस कार्यक्रम में अलग-अलग शहरों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया और टे:निंग के माध्यम से अपने प्रोजेक्ट को और भी बेहतर कैसे कर सकते हैं इसकी जानकारी ली। अध्यक्ष समता जैन ने



बताया कि इस आयोजन के माध्यम से व्यक्तित्व विकास, बेहतर मेजेजमेंट और वर्तमान परिपेक्ष में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाने का प्रशिक्षण लेंगे साथ ही सेवा कार्य और बेहतर कैसे किए जा सकते हैं इस पर भी वक्ताओं ने बेहद ही सटीक जानकारियां दी। इस कार्यशाला में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी,अनीश महेश्वरी,याशिका विजय, सुप्रीया मंडलोई, चंचल नागर, तृप्ति नागर, ज्योति सारा, नम्रता जोशी व काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# कोटा में अश्लील वीडियो बनाकर रेप किया

## सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देता था, पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा के कुन्हाड़ी इलाके में रेप के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला के साथ रेप किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने बताया कि 27 जून को थाने पर पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।



### धमकी देकर रेप

जिसमें बताया था कि उसकी पहचान अंबेडकर नगर निवासी सुभाष कुशवाह से है। आरोपी ने उसके अश्लील वीडियो बना लिए और उन्हें वायरल करने की धमकी देकर रेप किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार तकनीकी अनुसंधान और मुखबिरों से सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी तलाश किए जा रहे हैं। आरोपी के पास से मोबाइल जब्त करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। इसके बाद और भी खुलासे होने की संभावना है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# राजस्थान के 7 जिलों में भारी बरसात का अलर्ट

## 31 जिलों में भी होगी बारिश, आज से फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के 31 जिलों में बारिश का अलर्ट है। इनमें सात जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 21-22 जुलाई को राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके लिए मौसम विभाग ने अजमेर, भरतपुर संभाग के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में मानसून की अब तक की स्थिति देखें तो 148.9 एमएम बारिश हो चुकी है, जो सामान्य बारिश 143.8 एमएम से 4 फीसदी ज्यादा है। जिलेवार स्थिति में 33 में से 14 ऐसे जिले हैं, जहां सामान्य से बारिश कम हुई है।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान में टोंक, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, जोधपुर, झालावाड़, धौलपुर, पाली समेत कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। पाली जिले में आंधी-बारिश के बाद बिजली गिरने से एक 16 साल की बच्ची की मौत हो गई। धौलपुर के राजाखेड़ा में 55 एमएम बरसात दर्ज हुई। सवाई माधोपुर के ढील डेम पर 40, नागौर के रियाबड़ी में 29, पाली के सुमेरपुर में 23, जोधपुर के पीपाड़सिटी में 25, कोटा के पीपल्दा में 60 एमएम बरसात दर्ज हुई।

मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- बंगाल की खाड़ी में जो सिस्टम बना है, अब आगे बढ़ रहा है। इससे छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, गुजरात और आंध्र प्रदेश में भारी बारिश होगी। इस सिस्टम के प्रभाव से राजस्थान में 21-22 जुलाई को बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा , उदयपुर , जयपुर, अजमेर तथा भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।

### गंगानगर में पारा 43 डिग्री, जयपुर, अजमेर संभाग में तेज उमस



राजस्थान के पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में बारिश जारी है, जबकि उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में कुछ जगह बारिश नहीं होने से गर्मी-उमस तेज है। जयपुर में शुक्रवार को दिनभर धूप और उमस रही। अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा, अलवर के एरिया में भी गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। गंगानगर में कल दिन का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर के फतेहपुर में 41.2, चूरू में 41, बीकानेर में 40.9, फलोदी में 40.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे

### इस बैठक में 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जुलाई 2024 को सायं 7 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। यूनेस्को की महानिदेशक सुऑड्रे अज़ोले भी उद्घाटन समारोह में भाग लेंगी। भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की बैठक की मेज़बानी कर रहा है। यह बैठक 21 से 31 जुलाई, 2024 तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगी। विश्व धरोहर समिति की बैठक साल में एक बार होती है और यह विश्व धरोहर से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन और विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेने के लिए उत्तरदायी होती है। इस बैठक के दौरान विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को नामांकित करने के प्रस्ताव, 124 विद्यमान विश्व धरोहर संपत्तियों की संरक्षण रिपोर्ट की स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय सहायता और विश्व धरोहर निधियों के उपयोग आदि पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग लेंगे। विश्व धरोहर समिति की बैठक के साथ-साथ विश्व धरोहर युवा पेशेवरों का मंच और विश्व धरोहर स्थल प्रबंधकों का मंच भी आयोजित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, भारत मंडपम में भारत की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। रिटर्न ऑफ ट्रेजर्स प्रदर्शनी देश में वापस लाई गई कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शन करेगी। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां वापस लाई जा चुकी हैं।

# दावा-कोरोना में सरकारी आंकड़ों से 8 गुना ज्यादा मौतें हुईं

### भारत में 2020 में 12 लाख लोगों ने दम तोड़ा; मुस्लिमों पर सबसे ज्यादा असर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना महामारी के पहले फेज में 12 लाख लोगों की जान गई थी। ये दावा कतर के मीडिया हाउस अलजजीरा ने 10 बड़े डेमोग्राफर्स (जनसंख्या की स्टडी करने वाले) और इकोनॉमिस्ट की रिपोर्ट के हवाले से किया है। बताया है कि 2020 में भारत में कोरोना के कारण हुई मौतें सरकारी आंकड़ों से 8 गुना ज्यादा थीं। भारत सरकार के मुताबिक, 2020 में कोरोना से करीब 1 लाख 48 हजार लोगों की मौत हुईं थीं। जबकि नई रिपोर्ट के मुताबिक असल संख्या 12 लाख थी। ये आंकड़ा साइंस एडवांस पब्लिकेशन ने 19 जुलाई की रिपोर्ट में छापा है, जिसे भारत सरकार के 2019-21 के नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आधार पर तैयार किया गया है। रिपोर्ट में दिए आंकड़े डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों से भी डेढ़ गुना ज्यादा हैं। रिसर्च के मुताबिक, 2020 में उच्च-जाति के हिंदुओं की औसत जीवन दर में 1.3 साल की गिरावट दर्ज की गई। वहीं, अनुसूचित जाति के लोगों की औसत जीवन दर में 2.7 साल की गिरावट आई। इसके अलावा भारत के मुस्लिम नागरिकों की जीवन दर पहले की तुलना में 5.4 साल घट गई।

### पुरुषों से ज्यादा महिलाओं पर असर

कोरोना का असर पुरुषों से ज्यादा महिलाओं में देखा गया। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक तरफ पुरुषों की औसत जीवन दर 2.1 साल जबकि महिलाओं की 3 साल कम हुई। पूरी दुनिया के आंकड़े देखें तो पुरुषों की जीवन दर में महिलाओं की तुलना में ज्यादा गिरावट आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2020 में कोरोना के पहले फेज और 2021 में डेल्टा वेव के साथ आए दूसरे फेज के बाद देश में महामारी की वजह से 4.81 लाख लोगों की मौत हुई। डब्ल्यूएचओ ने अपनी रिपोर्ट में इन आंकड़ों को गलत बताते हुए दावा किया कि भारत में असल में 20-65 लाख लोगों की मौत हुई थी, जो पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा थी।

**सरकार ने डब्ल्यूएचओ के डेटा को खारिज किया-** केंद्र सरकार ने इन आंकड़ों को खारिज कर दिया था। सरकार ने कहा था कि डेटा हासिल करने का ह का मॉडल गलत है और यह भारत पर सही तरह से लागू नहीं हो सकता। खास बात यह है कि ये आंकड़े सिर्फ डब्ल्यूएचओ के नहीं हैं। कई पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट्स और रिसर्चर्स ने भी लगातार भारत सरकार के डेटा को गलत बताया है। सेंटर फॉर ग्लोबल हेल्थ रिसर्च के डायरेक्टर प्रभात झा ने भी डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों को सही ठहराया।



### भारत में 27 जनवरी 2020 को मिला था कोरोना का पहला केस

**कोविड से दुनियाभर में करीब 70 लाख लोग मारे गए। 30 जनवरी 2020 को इसे ग्लोबल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया था। कोविड से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका में मारे गए थे। भारत में इसका पहला केस केरल में 27 जनवरी 2020 को मिला था। देश में कोरोना के मामलों की कुल संख्या 4.50 करोड़ के पार हो गई है। वायरस से रिकवर होने वालों का आंकड़ा 4.45 करोड़ (4,45,03,660) है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में रिकवरी रेट 98.81% है। अब तक भारत में कोविड-19 से 5 लाख 33 हजार 596 लोगों की मौत हो चुकी है।**

# भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 25 फीट तारबंदी काटी



### सैकड़ों बकरियां भारतीय सीमा में घुसी; जांच एंजेसियां अलर्ट, बीएसएफ ने थाने में सौंपी रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**बाड़मेर।** बाड़मेर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर तारबंदी काटने का मामला सामने आया है। इन कटे हुए तारों से पाकिस्तान से सैकड़ों बकरियों के झुंड ने भारतीय सीमा में प्रवेश किया, जिन्हें बीएसएफ ने अपने कब्जे में ले लिया है। सेना की ओर से तारबंदी काटने की एक रिपोर्ट भी धनाऊ थाने में दर्ज करवाई है।

सेना से मिली जानकारी के अनुसार घटना धनाऊ थाना थाना क्षेत्र में हुई है। 16 जुलाई को भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल सीमा पर तारबंदी सरुपे का तला में बीएसएफ पोस्ट पर दो रेतीले टीलों के बीच में से सिंगल लाइन करीब 20-25 फीट काट दी गई।

शाम को पेट्रोलिंग के दौरान बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद बीएसएफ के अधिकारियों ने निगरानी बढ़ा दी। लेकिन शुक्रवार की शाम करीब 200 से अधिक बकरियां भारत की सीमा में घुस गई। हालांकि मौके पर मौजूद बीएसएफ के जवानों ने उन सभी को कब्जे में ले लिया है। वहीं तारबंदी काटने की रिपोर्ट भी धनाऊ थाने में दी गई है। पुलिस सहित अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों मामले को लेकर अलर्ट हो गई। साथ ही घुसपैठ और तस्करी के एंगल को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय निवासी जमाल खान ने बताया- करीब 15-20 साल पहले भी पाकिस्तान से बकरियां आई थी। इसके बाद कल फिर से वैसी ही घटना हुई है। बकरियों को बीएसएफ के जवानों ने अपने कब्जे में ले लिया है। दोनों देशों के बीच फ्लैग मीटिंग होगी। इसके बाद बकरियां वापस सौंपने की प्रक्रिया होने की संभावना है। हालांकि तारबंदी कितनी काटी है, इसकी सूचना फिलहाल ग्रामीणों को भी नहीं है।

# बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ हिंसा में 105 मौतें

### पूरे देश में कर्फ्यू, सेना ने मोर्चा संभाला; 778 भारतीय स्टूडेंट्स को वापस लाया गया



बढ़ता राजस्थान

**ढाका।** बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण बहाली के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंसा जारी है। इस पर काबू पाने के लिए सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ओबैदुल कादर ने शुक्रवार (19 जुलाई) देर रात कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हिंसा काबू करने के लिए सेना को तैनात किया गया है।

शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इसमें अब तक कुल 105 लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच अब तक 778 भारतीय स्टूडेंट्स अपने घर लौट आए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी को अगले आदेश तक के लिए बंद दिया है। छात्रों को बुधवार तक हॉस्टल खाली करने को कहा गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारी छात्रों ने शुक्रवार को नरसिंगडी जिले में एक जेल पर धावा बोल दिया था। उन्होंने सैकड़ों कैदियों को जेल से छुड़ाने के बाद वहां आग लगा दी थी। इससे पहले गुरुवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी बीटीवी ऑफिस के कैंपस में घुस आए और 60 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी। उसी दिन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने बीटीवी को इंटरव्यू दिया था।

# वडोदरा में स्कूल की दीवार गिरी, 4 बच्चे घायल

**वडोदरा।** गुजरात में वडोदरा के श्री नारायण स्कूल में दूसरी मंजिल पर कमरे की एक दीवार गिरने से 4 बच्चे घायल हो गए। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें 4 बच्चे बेंच सहित 10 फीट नीचे गिरते नजर आए। एक छात्र को सिर पर चोट आई है। तीन को हल्की चोटें हैं। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। इसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि दीवार के ठीक पीछे एक शेड था। बच्चे पहले शेड पर गिरे। उसके बाद नीचे जमीन पर आए। इस कारण उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं। दीवार गिरने के कारण का पता लगाया जा रहा है। उधर, वडोदरा पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज शनिवार को स्कूल संचालक के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

# छात्रसंघ चुनाव के लिए छात्रों ने खून से लिखे लेटर

### बोले- सीएम भजनलाल करें घोषणा, वरना प्रदेशभर में करेंगे चक्का-जाम






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में छात्र संघ चुनाव को लेकर सियासी घमासान दिनों - दिन बढ़ता जा रहा है। आम छात्रों ने सरकार के खिलाफ छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में शनिवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी के छात्रों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपने खून से लेटर लिख प्रदेश में फिर से छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की। छात्रों ने कहा कि अगर अब भी सरकार नहीं मानी। तो हम प्रदेशभर में सरकार का पुरजोर विरोध करेंगे। लेकिन किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे। बल्कि, सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

छात्रनेता महेश चौधरी ने कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार चुनाव नहीं करा सकी थी। लेकिन उन्होंने सरकार रिपीट होने के साथ ही छात्र संघ चुनाव कराने की बात कही थी। हालांकि कांग्रेस सरकार रिपीट नहीं हुई। लेकिन अब बीजेपी सरकार को छात्र संघ चुनाव कराने चाहिए। सरकार बकायदा एक महीने पहले नोटिफिकेशन जारी करते हुए लिंगदोह कमेटी की सिफारिशों के अनुसार चुनाव कराए। छात्र प्रतिनिधि विजय पाल ने कहा कि रोष उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के बयान से है। उसके बाद ही लगातार आंदोलन किए जा रहे हैं। उसका कारण भी यही है कि सरकार आखिर में ये ना बोल दे कि उनसे छात्र संघ चुनाव कराए जाने की डिमांड नहीं की गई और जिस तरह से अपनी जायज मांग रखने पर छात्रों को पीटा गया है। उससे कई छात्रों के खून तक निकल गया।

वैसे भी सरकार को खून चाहिए। इसलिए उन्हें अब खून से ही लेटर लिखकर छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग की गई है। एनएसयूआई के प्रवक्ता अमरदीप ने बताया कि ये लाल रंग इंकलाब और आह्वान का है। बीजेपी सरकार लाल रंग बहुत पसंद करती है।

क्योंकि जिस तरह 18 जुलाई को छात्रों पर लाठियां भांजी गई किसी का हाथ टूटा, किसी का सिर फूटा, सड़कों पर खून गिरा, आज उसी खून के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ये मांग कर रहे हैं कि छात्र संघ चुनाव बहाल करना पड़ेगा।

छात्र रक्त क्रांति का अभियान लेकर जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी से राजस्थान विश्वविद्यालय पहुंचे छात्र नेता ज्ञानोदया चौधरी ने कहा कि छात्रों को मजबूरन छात्र रक्त क्रांति की शुरुआत करनी पड़ी। छात्र अपने अमूल्य रक्त से मुख्यमंत्री के नाम चिट्ठी लिख रहे हैं। इस क्रांति की शुरुआत जोधपुर जयनारायण व्यास यूनिवर्सिटी से हुई और अब राजस्थान विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी खून से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। सरकार से यही मांग है कि वो छात्र संघ चुनाव कराए, क्योंकि ये छात्रों का अधिकार है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com